TNF TODAY

टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition | मतदाता सूची का आलेख प्रकाशन संपन्न... (पेज-3) | पृष्ठ- 8 | वर्ष-01 अंक-डमी | मूल्य ₹7 | बुधवार | दिनांक- 18.11.2026

'नफरत के जाल में फंसे समर्थक'

ऑनलाइन ट्रोलिंग पर राहुल का भाजपा-आरएसएस पर हमला, कहा- प्यार करना भी सीखें

एजेंसी, नई दिल्ली।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर तीखा पलटवार किया। यह प्रतिक्रिया तब आई जब उनके माता-पिता के बीच के स्नेहपूर्ण रिश्ते को लेकर की गई एक टिप्पणी के बाद उन्हें ऑनलाइन ट्रोल किया गया। राहुल गांधी अपनी मां और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के संस्मरण, 'बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव' के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे।

राहुल गांधी ने क्या कहा?

राहुल गांधी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा, 'भाजपा और आरएसएस समर्थकों के दिलों में डर, गुस्से और नफरत का एक ऐसा जाल बुना हुआ है, जो उन्हें प्यार को महसूस करने और उसे जाहिर करने से रोकता है।' अपनी आलोचना को और विस्तार देते हुए, उन्होंने पारंपरिक मूल्यों पर आधारित अपने दार्शनिक मिशन पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'एक सच्चे हिंदू के रूप में, मेरा यह कर्तव्य है कि मैं उन्हें इस जाल से मुक्त करूं, ताकि वे भी अपने जीवन में प्रेम और अपनत्व की अद्भुत सुंदरता और आनंद का अनुभव कर सकें। सत्यम शिवम सुंदरम।'

2027 की तैयारी में जुटी भाजपा

यूपी चुनाव से पहले योगी की नितिन नवीन से मुलाकात, अमित शाह से भी मिलने की चर्चा

एजेंसी, नई दिल्ली।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। यह बैठक नबीन के आवास पर संपन्न हुई। दोनों नेताओं ने मथुरा में पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया था। इसके कुछ ही घंटों बाद यह मुलाकात हुई।

यूपी चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बी एल संतोष भी नबीन के आवास पर हुई इस बैठक में शामिल थे। आदित्यनाथ और नवीन की मुलाकात के एजेंडे पर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, उन्होंने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। इस मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के गृह मंत्री अमित शाह से भी मिलने की संभावना है।

मथुरा में महत्वपूर्ण मंथन सत्र

इससे पहले दिन में, भाजपा अध्यक्ष नवीन ने मथुरा में पार्टी के दो दिवसीय मंथन सत्र के अंतिम दिन भाग लिया था। इस सत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गहन विचार-विमर्श किया। उनका मुख्य उद्देश्य 2027 के विधानसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करना था। इसके लिए पार्टी की रणनीति तैयार की गई। इस बैठक को पार्टी के भविष्य की योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

आगामी चुनावों की रणनीति पर चर्चा

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और भाजपा अध्यक्ष नवीन के बीच हुई बैठक में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों पर विशेष ध्यान दिया गया। पार्टी राज्य में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार कर रही है। चुनावी सफलता सुनिश्चित करने के लिए भी गहन चर्चा हुई। इस दौरान संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के तरीकों पर बात की गई। जनता तक पहुंचने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श हुआ। नेताओं ने चुनावी तैयारियों और संभावित चुनौतियों पर भी गौर किया।

कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा 2027 में लगातार तीसरी बार हासिल करेगी ऐतिहासिक विजयः नितिन नवीन

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दो दिवसीय योजना बैठक मंगलवार को मथुरा के परखम स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय गो-विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में संपन्न हुई। बैठक के दूसरे दिन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उपस्थित पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान आगामी तीन महीनों की कार्ययोजना, संगठनात्मक गतिविधियों, सहयोगी दलों के साथ समन्वय और वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का उत्तर प्रदेश में यह पांचवां प्रवास है। इससे पहले वे पश्चिम, अवध, काशी और गोरखपुर क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। मथुरा पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं मंत्री पंकज चौधरी तथा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं बृजेश पाठक ने स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके पश्चात सभागार में विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक सिंघल की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन की तैयारियों, व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने, केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यूपी में डबल इंजन वाली योगी आदित्यनाथ सरकार ने विकास को घर-घर पहुंचाया है। नवीन ने कहा कि पार्टी के समर्पित एवं अथक परिश्रमी कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा 2027 में लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक विजय दर्ज करेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि योजना बैठक के दूसरे दिन की शुरूआत 'राधे-राधे, कमल खिला दे' के भाव के साथ हुई। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस, आजाद समाज पार्टी और एआईएमआईएम सहित किसी भी विपक्षी दल को उत्तर प्रदेश में सफलता नहीं मिलने वाली है।

उत्तराखंड में 2 सड़क हादसे, 13 की मौत

ऋषिकेश, रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड में मंगलवार सुबह दो सड़क हादसों में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 31 लोग घायल हुए हैं।

पहला हादसा टिहरी जिले में ऋषिकेश-बद्रीनाथ नेशनल हाईवे पर गूलर के पास हुआ। यात्रियों से भरी बस करीब 100 मीटर नीचे नदी में गिर गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 साल की बच्ची समेत 25 लोग घायल हुए हैं। इससे पहले अक्टर के डॉक्टरों ने 10 लोगों की मौत होने की जानकारी दी थी, लेकिन बाद में कृगढ़वाल राजीव स्वरूप ने 9 मौतों की पुष्टि की।

सीएम धामी ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। साथ ही मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रू., गंभीर रूप से घायलों को 1 लाख और सामान्य रूप से घायलों को 40 हजार रू. की मदद की घोषणा की। दूसरा हादसा रुद्रप्रयाग की क्यूंजा घाटी में हुआ। यहां पोखरी से शादी समारोह से लौट रहे बारातियों की बोलेरो गाड़ी खाई में गिर गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 घायल हैं। इनमें से 5 की हालत गंभीर है। उन्हें श्रीनगर बेस अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे में घायल यात्रियों ने बताया कि बस की रफ्तार बहुत तेज थी। पुल से पहले अचानक से क्या हुआ समझ नहीं आया। बड़े-बड़े पेड़ों और पत्थरों से टकराते हुए बस खाई में गिरती जा रही थी।

एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष को दिया झटका

चुनाव आयोग को नोटिस से इनकार

एजेंसी, नई दिल्ली।



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। कांग्रेस और डीएमके नेताओं ने कई राज्यों में चल रही एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देते हुए नई याचिकाएं दाखिल की थीं। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इन याचिकाओं पर चुनाव आयोग को औपचारिक नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले से जुड़ी ऐसी ही याचिकाएं पहले से लंबित हैं। पीठ ने चुनाव आयोग को अपना जवाब दाखिल करने की छूट दी है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 9 दिसंबर को होगी।

नलिन कोहली ने विपक्ष की याचिकाओं पर क्या कहा?

सुप्रीम कोर्ट के रुख पर भाजपा नेता नलिन कोहली ने कहा कि यह न्यायिक प्रक्रिया है और कानून के मुताबिक ही आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मामला सुप्रीम कोर्ट में है और अदालत जिस तरह निर्देश देगी, उसी के अनुसार सुनवाई आगे बढ़ेगी। यह प्रक्रिया याचिकाकर्ताओं या आवेदकों की मर्जी से नहीं चलेगी।

याचिकाकर्ताओं को अदालत की प्रक्रिया का पालन क्यों करना होगा?

नलिन कोहली ने कहा कि जब याचिकाकर्ता खुद अदालत का दरवाजा खटखटाते हैं और उसके अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करते हैं, तो उन्हें न्यायिक प्रक्रिया का पालन भी करना होगा। उन्होंने कहा कि अदालत में मामला आने के बाद अंतिम फैसला आने तक सभी पक्षों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चलना होता है। उन्होंने कहा कि आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ही मामले के गुण-दोष के आधार पर फैसला सुनाएगा और तय करेगा कि याचिका में कोई दम है या नहीं। नलिन कोहली ने साफ किया कि इस मामले में अदालत के निर्देश ही आगे की कार्रवाई का आधार होंगे।

चुनाव आयोग से 48 सवाल पूछने की तैयारी में इंडिया गठबंधन

दूसरी ओर, एसआईआर को लेकर विपक्ष ने चुनाव आयोग से जवाब मांगने की तैयारी की है। सोमवार को इंडिया गठबंधन के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट से चुनाव आयोग को 48 सवालों वाली प्रश्नावली भेजने की अनुमति मांगी। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी), दो चुनाव आयुक्तों और चुनाव आयोग के महानिदेशक (आईटी) से जवाब मांगने की बात कही गई है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग की ओर से दाखिल हलफनामे में वोट चोरी को लेकर उठाए गए किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया गया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि एसआईआर में बड़ी खामियों के कारण वोट चोरी का रास्ता खुला है।

विपक्ष की प्रश्नावली में क्या-क्या?

कांग्रेस के मुताबिक, प्रश्नावली में चुनाव आयोग के कई फैसलों और चुनावी प्रक्रियाओं में किए गए बदलावों को लेकर सवाल शामिल हैं। इनमें पूछा गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त के कितने फैसलों का बाकी दो चुनाव आयुक्तों ने विरोध किया था और देशभर में एसआईआर कराने का फैसला किसने लिया था। इसके अलावा नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 में बदलाव करने का निर्णय किसने लिया और इसे किसने मंजूरी दी, इस पर भी जवाब मांगा गया है। प्रश्नावली में ईआरओनेट (एफ्ठठएळ) और ईसीआईनेट (एउक्ठएळ) को केंद्रीकृत करने के फैसले के साथ मतदाता सूची तक पहुंच पर केंद्रीय नियंत्रण स्थापित करने को लेकर भी सवाल हैं। कांग्रेस का कहना है कि इंडिया गठबंधन इन सवालों के जरिए एसआईआर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और चुनाव आयोग के फैसलों पर जवाबदेही तय करना चाहता है। विपक्ष इस मुद्दे पर लगातार चुनाव आयोग से जवाब मांग रहा है।

योगी सरकार ने 25 जिलों में 35 सोलर प्लांट और 1,000 करोड़ के 18 प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने और औद्योगिक इकाइयों की ऊर्जा लागत कम करने के लिए बड़ी पहल की है। इसके तहत योगी सरकार ने प्रदेश के 25 जिलों में 35 सोलर प्लांट स्थापित करने एवं 1,000 करोड़ रुपये के 18 निवेश प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। इससे जहां एक ओर कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण प्रदेश में ही होगा, वहीं दूसरी ओर किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।


अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बाबू लाल मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश प्रस्तावों की समीक्षा के लिए मंगलवार को अप्रेजल समिति की बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि 16 नवंबर तक विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर कुल 52 नए निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। समिति ने नीति के प्रावधानों, निर्धारित पात्रता मानकों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर इनका परीक्षण किया। विस्तृत समीक्षा के बाद 48 पूर्ण निवेश प्रस्तावों को आवश्यक शर्तों के अनुपालन के साथ राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (एसएलईसी) के समक्ष प्रस्तुत करने की संस्तुति की गई। इन निवेश प्रस्तावों में बेकरी एवं बिस्कुट निर्माण, आटा और मैदा प्रसंस्करण, मसाला निर्माण, डेयरी एवं दुग्ध उत्पाद, नमकीन और अन्य खाद्य उत्पादों से संबंधित नई इकाइयों की स्थापना के साथ मौजूदा इकाइयों के विस्तार की योजनाएं शामिल हैं।

खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को सौर ऊर्जा से जोड़ने पर जोर

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि योगी सरकार खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को पारंपरिक ऊर्जा पर निर्भरता से मुक्त करने के लिए सौर ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है।

यूपी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी, 13.58 करोड़ हुए कुल मतदाता

एजेंसी, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करने की कवायद तेज हो गई है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत मंगलवार को प्रदेश की आलेख्य मतदाता सूची जारी कर दी गई। नई सूची में कुल 13 करोड़ 58 लाख 68 हजार 905 मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने लोक भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुनरीक्षण अभियान के आंकड़े जारी करते हुए बताया कि नई ड्राफ्ट सूची में 7 करोड़ 38 लाख 58 हजार 510 पुरुष, 6 करोड़ 20 लाख 6 हजार 353 महिला और 4,042 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में कुल मतदाताओं की संख्या के मुकाबले अब 18.84 लाख की बढ़ोतरी हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, इस अवधि में महिला मतदाताओं की संख्या में 10 लाख 96 हजार 828 की वृद्धि हुई जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 7 लाख 87 हजार 449 बढ़ी है। वहीं, तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या में 164 की कमी दर्ज की गई है। इस तरह मतदाता सूची में महिलाओं की भागीदारी में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि हुई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची में प्रति एक हजार पुरुष मतदाताओं पर महिला मतदाताओं की संख्या का अनुपात 834 से बढ़कर 840 हो गया है। इसी तरह मतदाता-जनसंख्या अनुपात भी 55.17 प्रतिशत से बढ़कर 55.95 प्रतिशत दर्ज किया गया है। निर्वाचन विभाग का कहना है कि पुनरीक्षण के दौरान पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने के प्रयास किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक, 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग की अनुमानित आबादी 84 लाख 47 हजार है जबकि ड्राफ्ट मतदाता सूची में इस आयु वर्ग के महज 11.83 लाख मतदाताओं के नाम शामिल हैं।

निर्वाचन विभाग ने इस अंतर को कम करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में विशेष अभियान चलाने की तैयारी की है, ताकि पात्र युवाओं को मतदाता सूची में शामिल कराया जा सके। आलेख्य मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही नाम जोड़ने, हटाने और विवरण में संशोधन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। नागरिक 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक अपने 18 से 19 साल के युवा मतदाताओं की संख्या घटी ड्राफ्ट मतदाता सूची में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 11 लाख 83 हजार 352 दर्ज की गई है। जबकि 10 अप्रैल को जारी अंतिम सूची में इस आयु वर्ग के 17 लाख 63 हजार 360 मतदाता थे। इस तरह 18 से 19 साल के मतदाताओं की संख्या में 5 लाख 80 हजार 8 की कमी दिखाई दे रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के मुताबिक, इस कमी की एक वजह यह है कि पहले सूची में शामिल 19 साल के कई मतदाता अब 20 वर्ष के हो चुके हैं। इसलिए उन्हें 18-19 वर्ष वाले आयु वर्ग में नहीं गिना गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान नए युवा मतदाताओं के नाम जुड़ने से यह आंकड़ा बढ़ेगा।

16 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का मौका

ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक चलेगी।

आजम खां को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहतः ईडी की गिरफ्तारी पर उठाए सवाल, अंतरिम जमानत मंजूर

एजेंसी, प्रयागराज।



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खां को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से की गई गिरफ्तारी को प्रथम दृष्टया कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन मानते हुए उन्हें अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि उपलब्ध दस्तावेजों से ऐसा प्रतीत होता है कि गिरफ्तारी के दौरान संविधान के अनुच्छेद 22(1) और पीएमएलए की धारा 19 के तहत जरूरी प्रक्रिया का सख्ती से पालन नहीं किया गया।

न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति देवेंद्र सिंह-क की पीठ ने मंगलवार, 17 नवंबर को यह आदेश दिया। कोर्ट ने आजम खां को व्यक्तिगत मुचलके और समान राशि के दो जमानतदारों के साथ रिहा करने का निर्देश दिया है। यह राहत अगली सुनवाई तक प्रभावी रहेगी। मामले की अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी।

जेल से बाहर आते ही ईडी ने दोबारा किया था गिरफ्तार

आजम खां की ओर से दाखिल याचिका में बताया गया कि पैन कार्ड मामले में हाईकोर्ट ने 29 अक्तूबर को उनकी सजा पर रोक लगाते हुए जमानत दी थी। इसके बाद 31 अक्टूबर को जमानत की औपचारिकताएं पूरी होने पर उन्हें रामपुर जिला जेल से रिहा किया गया। आरोप है कि जेल के गेट से बाहर निकलते ही शाम करीब 7:10 बजे ईडी ने उन्हें एक अन्य मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दोबारा गिरफ्तार कर लिया।

'मैं और मेरा परिवार डरा हुआ है'

दोषियों को जमानत मिलने पर बिलकिस बोलीं- न्याय मिलने का भरोसा टूटता दिख रहा

एजेंसी, नई दिल्ली।

2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए दो लोगों को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। शीर्ष अदालत के इस फैसले पर बिलकिस बानो ने गहरा दुख, हैरानी और अविश्वास जताया है। उन्होंने सवाल उठाया कि उन्हें सुने बिना दोषियों की उम्रकैद की सजा पर रोक कैसे लगा दी गई।

मीडिया को जारी बयान में बिलकिस बानो ने कहा कि उन्हें इस आदेश की जानकारी अदालत से नहीं, बल्कि मीडिया में आई खबरों से मिली। उन्होंने कहा कि दूसरी बार सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बुलाए बिना और उनका पक्ष सुने बिना आदेश पारित किया है।



'आज फिर न्याय मिलने का भरोसा टूटता दिख रहा है'

बिलकिस बानो ने अपने बयान में कहा "दर्द, सदमे और अविश्वास के बीच मेरे पास कहने के लिए शब्द कम पड़ रहे हैं। मुझे अब भी यकीन नहीं हो रहा कि दूसरी बार सुप्रीम कोर्ट ने मुझे बुलाए बिना और मेरी बात सुने बिना आदेश दे दिया। मुझे इसकी जानकारी मीडिया की खबरों से मिली।"

उन्होंने बताया कि जब उनके साथ यह घटना हुई, तब वह महज 19 साल की थीं। उस समय उनकी छोटी बेटी, परिवार, घर और इंसानियत पर उनका भरोसा सब कुछ छिन गया था। उन्होंने कहा कि पिछले 24 वर्षों से वह अपने और दूसरी महिलाओं के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रही हैं।

'मुझे और मेरे परिवार को फिर डर सता रहा है'

बिलकिस बानो ने कहा कि इस फैसले के बाद उनके पुराने डर फिर लौट आए हैं। उन्होंने कहा, ₹मैं एक बार फिर डरी हुई हूं। मुझे अपने लिए, अपने परिवार और अपने बच्चों के लिए डर लग रहा है। मुझे इस बात का भी डर है कि कहीं मेरा न्याय व्यवस्था से भरोसा फिर न उठ जाए।₹ उन्होंने सवाल किया कि जिन लोगों ने उनके साथ अपराध किया, उनकी सजा पर रोक लगाने से पहले उनकी आवाज क्यों नहीं सुनी गई? उन्हें इस फैसले की जानकारी तक क्यों नहीं दी गई?

'बेटी सालेहा की याद में लड़ती रहूंगी'

बिलकिस बानो ने साफ कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को चुनौती देंगी। उन्होंने कहा कि उनके बच्चों को पूरी जिंदगी इन डर और जख्मों के साये में नहीं जीना चाहिए। उन्होंने अपनी तीन साल की बेटी सालेहा का जिक्र करते हुए कहा कि वह यह लड़ाई उसकी याद और न्याय के लिए लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि वह यह संघर्ष देश की दूसरी महिलाओं के लिए भी जारी रखेंगी, ताकि किसी महिला या पीड़िता को जीवनभर न्याय के लिए संघर्ष न करना पड़े।

17 साल से ज्यादा जेल में रहने के आधार पर मिली राहत

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने दोषी बिपिन चंद्र जोशी और प्रदीप मोरधिया को जमानत दी है।

आज दुनिया को शांति और स्थिरता की सबसे ज्यादा जरूरतः पीएम मोदी

एजेंसी, मनीला।



23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में, हमारी 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' ने भारत-आसियान संबंधों को नई गति और गहराई दी है। हमारी साझेदारी अब साझा संस्कृति और विरासत से आगे बढ़कर डिजिटल, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में नए आयामों तक पहुँच गई है। 2014 से, हमने लोगों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने के लिए 100 से अधिक पहल की हैं, लगभग 250 'क्विक इम्पैक्ट प्रोजेक्ट्स' शुरू किए हैं, और कौशल विकास के लिए 10,000 से अधिक छात्रवृत्तियां प्रदान की हैं। आज, भारत और नौ आसियान देशों के बीच सीधी उड़ानें और बढ़ता पर्यटन हमारे करीबी संबंधों का एक और प्रमाण हैं।

पीएम ने आसियान शिखर सम्मेलन में शांति पर जोर दिया

पीएम मोदी ने आगे कहा, 'पिछले कुछ सालों में, दुनिया ने लगातार कई संकटों का सामना किया है। आज दुनिया को सबसे ज्यादा शांति, स्थिरता और पूर्वानुमान योग्य माहौल की जरूरत है। इस संदर्भ में, इस वर्ष की थीम, 'नेविगेटिंग आवर फ्यूचर टुगेदर' (एक साथ मिलकर अपने भविष्य की दिशा तय करना) का विशेष महत्व है।' प्रधानमंत्री बोले, 'हमारा मानना है कि भारत का विकास और आसियान की समृद्धि आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। आने वाले वर्षों में, 'आसियान कम्युनिटी विजन 2045' और 'विकसित भारत 2047' हमारे साझा लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।'

केनरा बैंक का कर्ज न चुकाना पड़ा भारी

- 10 बकायेदारों की 88.52 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क, 7 दिसंबर को होगी नीलामी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

केनरा बैंक की शाखा कुंडौल और बरौली गुर्जर के बकायेदारों के खिलाफ जिला प्रशासन ने शिकंजा कसते हुए बड़ी कार्रवाई की है। उपजिलाधिकारी सदर के आदेश के अनुपालन में बैंक का कर्ज न चुकाने वाले 10 डिफॉल्टर्स की कुल 88,52,050 रुपये की बकाया धनराशि और ब्याज की वसूली के लिए उनकी अचल संपत्तियों को कुर्क कर लिया गया है। संग्रह अमीन द्वारा नियमानुसार की गई वसूली की कार्रवाई के बावजूद बकायेदारों द्वारा भुगतान न किए जाने पर प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया है, जिसके तहत 8 बकायेदारों के कुर्की वारंट 13 नवंबर 2026 को तथा 2 बकायेदारों के वारंट पूर्व में 6 मार्च 2026 को जारी किए गए थे। इन सभी कुर्क की गई संपत्तियों की नीलामी के लिए आगामी 7 दिसंबर 2026 की तिथि तय की गई है।

प्रशासन द्वारा जारी विवरण के अनुसार जिन बकायेदारों की संपत्तियों की कुर्की और नीलामी की कार्रवाई की गई है, उनमें मेहड़ा नाहरगंज के मूलचंद (बकाया 9.61 लाख), कुंडौल के धर्मवीर (बकाया 7.13 लाख), नगला आम तनौरा के राज बहादुर (बकाया 7.49 लाख), मेहड़ा नाहरगंज के भूरी सिंह (बकाया 8.64 लाख), बरौली गुर्जर के धनवान सिंह (बकाया 6.80 लाख), झील बख्त के छत्रपाल (बकाया 8.64 लाख), गढ़ी चंदन के जय प्रकाश तोमर (बकाया 9.18 लाख), बरौली गुर्जर के नौरंग सिंह (बकाया 11 लाख), धमौटा के राकेश कुमार (बकाया 9.59 लाख) और कुंडौल के नेकराम (बकाया 10.39 लाख) शामिल हैं। इन सभी किसानों और बकायेदारों की कृषि भूमि व अचल संपत्तियों को कुर्क करते हुए प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि निर्धारित तिथि से पूर्व बकायेदार बकाया राशि का भुगतान नहीं करते हैं, तो तय प्रक्रिया के तहत संपत्तियों की नीलामी कर दी जाएगी।

आवारा गौवंश का आतंक: खेल रही बच्ची पर किया हमला

- पंचायत घर के बाहर खेल रही चार साल की बच्ची पर गौवंश का हमला
- बच्ची को बचाने दौड़ा युवक, गाय ने उसे भी किया घायल
- आवारा गौवंश के आतंक से ग्रामीणों में दहशत, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



पंचायत घर के बाहर खेल रही बच्ची पर आवारा गौवंश ने हमला किया तभी पास में मौजूद लोगों ने दौड़कर बचाने का प्रयास बच्ची को बचाते समय युवक घायल हो गया। मामला थाना फतेहाबाद के गांव पूठपुरा कल्याणपुर में आवारा गौवंश के हमले की घटना सामने आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शैलेंद्र की चार वर्षीय पुत्री अंजू पंचायत घर पर खेल रही थी। इसी दौरान एक आवारा गाय ने अचानक बच्ची पर हमला कर दिया। वहीं पास में अपनी दुकान पर बैठे बबलू ने यह देखा तो बच्ची को बचाने के लिए दौड़ा तो पास पहुंचते ही गाय ने बबलू पर हमला कर दिया जिससे बबलू के पैर में चोट आई है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा पशु आए दिन लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर घूमने वाले इन पशुओं से बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा खतरे में है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि आवारा पशुओं को जल्द से जल्द पकड़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

खाकी का कमाल, किसान के 26,500 रू. वापस!

डौकी पुलिस बनी मसीहा, किसान की डूबी रकम लौटाई!

- गलती से दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गए थे 26,500 रुपये
- शिकायत मिलते ही हरकत में आई डौकी पुलिस
- कुछ ही घंटों में किसान को वापस मिली पूरी रकम

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



पिता को बीज खरीदने के लिए पैसे डालते समय गलत खाते में गए पैसे डौकी पुलिस की तत्परता से वापस हुए इससे किसान का चेहरा खिल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चौब सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी कोटरा वाजिदपुर थाना फतेहाबाद ने बताया कि मंगलवार सुबह पिताजी खेत के लिए बीज लेने के लिए बाजार गए थे तभी उन्होंने मुझे पेटीएम पर पैसे डालने के लिए कहा तो मैंने पहले 1 डालकर पूछा तो पिताजी ने कहा कि हां आ गए तभी मैं और पैसे डाल रहा था तो अचानक गलती से हरिओम के पेटीएम खाते में 26500 चले गए जाने के बाद मुझे जानकारी हुई तो मेरे होश उड़ गए तभी मैं भाग कर थाना डौकी पहुंचा और थानाध्यक्ष सुनीत शर्मा से मिलकर अपनी व्यथा बताई।

तभी सुनीत शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए ऑनलाइन खाता की डिटेल निकाली और खाताधारक हरिओम पुत्र हरीश्चंद्र निवासी अहीरपुरा थाना फतेहाबाद को फोन कर बुलाया गया तो खाताधारक अचानक पुलिस का फोन आने पर हड़बड़ा गया और उसने खाता चेक कर पैसे के बारे में जानकारी देने के लिए कहा तभी खाता धारक के द्वारा वापस फोन आया कि हां मेरे खाते में पैसे आए तभी पुलिस ने उसे थाने बुलाया और उसने थाने में आकर किसान चौबसिंह के 26500 रूपए वापस किया।

सभी ने हरिओम को बहुत-बहुत धन्यवाद किया वहीं किसान के द्वारा थानाध्यक्ष सुनीत शर्मा को बहुत-बहुत धन्यवाद किया कि उन्होंने सुबह के गए हुए पैसे शाम तक वापस करा दिए यह उनकी तत्परता से हुआ है नहीं तो महीना लग जाते हैं जिससे मैं अपने खेतों की बुवाई समय से कर सकता हूं।

मछरिया में 33/11 केवी का नया जीएसएस चालू,15 गाँवों के 10 हजार ग्रामीणों को मिलेगा

- गुणवत्तापूर्ण बिजली का लाभ,3 करोड़ रुपये की लागत से हुआ निर्माण, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति होगी बेहतर

टीएनएफ टुडे, धौलपुर।



ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में जयपुर डिस्कॉम ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।इए विवेक शर्मा के नेतृत्व में ऊ्रू्ट्ठे टीम व ब्रुशूँ फर्म के कर्मचारियों की उपस्थिति में नए विद्युत तंत्र की तकनीक टेस्टिंग की गयी. टेस्टिंग सफल होने पर रए विवेक शर्मा ने ु्शीं१ का बटन दबाकर फीडर पर बिजली छोड़ी व मछरिया में 33/11 केवी के नवीन विद्युत सब स्टेशन (ऋ्रर) को चालू कर दिया गया है। करीब 3 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस बिजलीघर से क्षेत्र के 15 गाँव व ढाढया के 10 हजार ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा।नए जीएसएस के चालू होने से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पहले की अपेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी। बिजली की कम वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग एवं विद्युत व्यवधान जैसी समस्याओं में कमी आयेगी। साथ ही कृषि एवं घरेलू उपभोक्ताओं को बेहतर वोल्टेज और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

इस सब स्टेशन के शुरू होने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत तंत्र पर पड़ने वाला अतिरिक्त भार कम होगा तथा बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता में सुधार आएगा। इससे किसानों को कृषि कार्यों में और आम उपभोक्ताओं को घरेलू उपयोग के लिए बेहतर विद्युत सुविधा मिल सकेगी।जयपुर डिस्कॉम धौलपुर के अधीक्षण अभियंता विवेक शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। नए जीएसएस का संचालन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विभाग का प्रयास है कि उपभोक्ताओं को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर वोल्टेज की बिजली उपलब्ध कराई जाए।इस नवनिर्मित बिजली घर से 11 केवी के 4 फीडर निकाले गए हैं जिनसे इन फीडर पर लोड कम रहे और बिजली कम से कम बाधित रहे`लाइन फॉल्ट होने पर अब सभी गाँव की बिजली बंद नहीं होगी जिस फीडर पर फॉल्ट होगा अब केवल उसी फीडर का रँ४३ङ्घ६ल्ल लेकर काम किया जाएगा इस स्थिति में बाकी 3 फीडर पर बिजली बंद नहीं होगी `रए विवेक शर्मा के साथ अए्ल्ल फ्ल्रर प्रवन्द्र जादौन, अए्ल्ल आनंद तिवाड़ी, खए्ल्ल रणवीर सिंह,वल्ल्रशूँ फर्म प्रतिनिधि रजत जैन व तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

वीर शिरोमणि महाराणा सांगा को मिलेगा भव्य सम्मान

12 फीट ऊंची प्रतिमा से गूंजेगा वीरता और शौर्य का इतिहास

टीएनएफ टुडे, आगरा।



वीरता, पराक्रम और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा सांगा की गौरवगाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए आगरा में भव्य पहल की गई है। एमजी रोड स्थित स्पीड कलर लैब तिराहे पर महाराणा सांगा की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। मंगलवार को महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाहा और एत्मादपुर के भाजपा विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि पूजन किया गया।

प्रस्तावित प्रतिमा 12 फीट ऊंची और करीब 18 टन वजनी होगी। इसके लिए नगर निगम की ओर से मजबूत प्लेटफॉर्म तैयार कराया जाएगा, जबकि प्रतिमा स्थापना की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग को सौंपी गई है। इस पहल का उद्देश्य महाराणा सांगा के अदम्य साहस, शौर्य और ऐतिहासिक योगदान को स्मारक के माध्यम से सम्मान देना है।

कार्यक्रम के दौरान एत्मादपुर विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह ने कहा कि महाराणा सांगा जैसे गौरवशाली वीरों को याद करने और उनके सम्मान को बनाए रखने का काम भाजपा सरकार हमेशा करती रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और आगरा की महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाहा का आभार व्यक्त किया।विधायक ने कहा कि महाराणा सांगा जैसे महान योद्धाओं का इतिहास हमारी गौरवशाली विरासत है। उनके शौर्य और पराक्रम से आने वाली पीढ़ियों को परिचित कराना जरूरी है।

- आगरा में वीर शिरोमणि महाराणा सांगा की प्रतिमा स्थापना की तैयारी
- 12 फीट ऊंची और 18 टन वजनी होगी भव्य प्रतिमा
- एत्मादपुर विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह की पहल लाई रंग
- सीएम योगी , पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और महापौर का जताया आभार

प्रतिमा स्थापना की पहल एत्मादपुर विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान की थी। उन्होंने स्पीड कलर लैब तिराहे पर महाराणा सांगा की प्रतिमा स्थापित कराने का प्रस्ताव रखा था। इसके बाद शासन स्तर पर प्रस्ताव को मंजूरी मिली। नगर निगम सदन में इस तिराहे का नाम महाराणा सांगा के नाम पर रखने का प्रस्ताव भी पारित हो चुका है। प्रतिमा स्थापना के बाद यह स्थान वीर योद्धा की स्मृति और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक बनेगा।

चार वारंटियों पर पुलिस का शिकंजा!



फतेहाबाद। निबोहरा पुलिस ने मंगलवार को चार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। एसीपी शमशाबाद रामप्रवेश गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को निबोहरा पुलिस ने वारंटी सुरेश पुत्र अमर सिंह निवासी साबलदासकापुरा थाना पिनाहट, महावीर सिंह पुत्र रामदीन, बनवारी पुत्र रामदीन निवासी सलेमपुर धनकर थाना निबोहरा, सोमवीर पुत्र राजकुमार निवासी रामपुर थाना निबोहरा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।



गोपाष्टमी पर गौमाता की आराधना में जुटा फ्ऱर, वैदिक मंत्रों के साथ हुआ भव्य गौपूजन

पिनाहट। मंगलवार को गोपाष्टमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गौशाला में खो पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें थाना बसई अरेला के गांव अरनोटा में शैलेंद्र कटारा की गौशाला में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।?जिसमे वेद मन्त्रों के द्वारा विधिवत गौ पूजन किया जाता। इस इस अवसर पर शेर सिंह आगरा संघ विभाग संयोजक, मंडल अध्यक्ष भाजपा अरुण सिंह परिहार, थाना बसई अरेला प्रभारी निरीक्षक समरेश सिंह, जिला संयोजक सोनू पाराशर, योग प्रमुख धर्मेंद्र पाराशर, मंडल उपाध्यक्ष धर्मवीर चौहान,अजय दुवे, सतीश पचौरी ,सुमित पाराशर मौजूद रहें हैं।

खाकी बनी हमदर्द! चालान नहीं, पुलिस ने बांटे हेलमेट,10 बाइक सवारों को दिया सुरक्षा का तोहफा



पिनाहट। बिना हेलमेट बाइक चला रहे लोगों को पुलिस ने रोककर समझाया कि जीवन बहुत अमूल्य है। साथ ही उनको हेलमेट गिफ्ट कर उसे पहनने की सलाह दी है। मंगलवार शाम करीब 5 बजे थाना बसई अरेला की अरनोटा पुलिस चौकी पर पुलिस ने आगरा बाह मार्ग पर बिना हेलमेट लगाएं दुपहिया वाहनों को रोककर उन्हें हेलमेट भेंट किए। साथ ही उन्हें सलाह दी। कि वे हमेशा हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाए। इस दौरान पुलिस ने दस लोगों को हेलमेट भी वितरित किए हैं।इस दौरान चौकी इंचार्ज अरनौटा रविंद्र कुमार,एसआई मयंक गुप्ता,कौशल चौधरी आदि रहे ।

पुलिस मुठभेड़ में चेन स्नेचिंग करने वाले शातिर गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार, गोली लगने से घायल

फिरोजाबाद। थाना टूंडला इलाके में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में झपटमार गैंग के दो शातिर बदमाशों को दबोच लिया गया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है, जिससे वे घायल हो गए हैं। पुलिस ने इनके पास से लूटी गई रकम, अवैध हथियार और घटना में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद कर ली है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान दीपक और आसिफ के रूप में हुई है। इन बदमाशों ने बीती 22 अक्टूबर को थाना टूंडला क्षेत्र में एक महिला से झपटमारी कर सोने की चेन लूटी थी। इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था, जिसके आधार पर पुलिस लगातार इनकी तलाश कर रही थी। पूछताछ में यह बात सामने आई है कि ये शातिर बदमाश अब तक एक दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। मुठभेड़ के दौरान घायल हुए दोनों बदमाशों को पुलिस ने तुरंत अपनी कड़ी सुरक्षा के बीच जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। फिरोजाबाद पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से इलाके के बदमाशों में हड़कंप मच गया है।

कोहरे का कहर रोकने को एक्सप्रेसवे पर स्पीड लॉक!

15 फरवरी तक थमेगी वाहनों की रफ्तार

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

- 15 फरवरी 2027 तक लागू रहेगा नया स्पीड नियम
- घना कोहरा छाया तो टोल पर थमेंगे वाहन, पुलिस की निगरानी में चलेंगे काफिले
- रात में मालवाहक वाहन 40 और यात्री वाहन 50 किमी प्रति घंटे तक ही भर सकेंगे रफ्तार

सर्दी के मौसम में घने कोहरे और धुंध के चलते आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसों की रोकथाम के लिए यूपीडा ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश जारी किए हैं। कोहरे के दौरान वाहनों की सुरक्षित आवाजाही के लिए कॉन्वॉय सिस्टम लागू किया जाएगा। वहीं एक्सप्रेसवे पर चलने वाले वाहनों की गति सीमा भी चरणबद्ध तरीके से कम कर दी गई है। नई व्यवस्था 15 फरवरी 2027 तक अथवा कोहरे की स्थिति सामान्य होने तक लागू रहेगी।

यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी प्रथम राधामोहन द्विवेदी ने बताया कि यूपीडा के नोडल अधिकारी राजेश पांडे के द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार, एक नवंबर से 15 नवंबर तक निर्धारित गति सीमा में कमी की गई थी। इसके बाद 15 नवंबर 2026 से 15 फरवरी 2027 तक वाहनों के लिए नई गति सीमा लागू कर दी गई है। इसके तहत चालक की सीट के अतिरिक्त आठ से अधिक सीटों वाले यात्री वाहनों की गति दिन में सुबह आठ से रात आठ बजे तक 80 किलोमीटर और रात आठ से सुबह आठ बजे तक 60 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। नौ या अधिक सीटों वाले यात्री वाहनों के लिए दिन में 60 और रात में 50 किलोमीटर प्रति घंटा की गति सीमा तय की गई है। वहीं मालवाहक वाहनों को दिन में 50 और रात में 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने की अनुमति होगी।इससे पहले एक से 15 नवंबर तक एम-1 श्रेणी के वाहनों की गति दिन में 100 और रात में 80 किलोमीटर, एम-2 और एम-3 श्रेणी के वाहनों की दिन में 80 और रात में 60 किलोमीटर तथा मालवाहक वाहनों की दिन में 60 और रात में 50 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई थी।वहीं दृश्यता 50 मीटर से कम होने पर वाहनों को नजदीकी टोल प्लाजा, वे-साइड एमेनिटीज, पेट्रोल पंप और रेस्टोरेंट पर रोकने की अपील की जाएगी। वाहनों को एकत्रित कर पुलिस की निगरानी में कॉन्वॉय सिस्टम के तहत सुरक्षित तरीके से आगे रवाना किया जाएगा। इसके लिए पुलिस विभाग के समन्वय से एसओपी तैयार करने और सुरक्षा टीमों को प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए गए हैं।इसके अलावा एटीएमएस के माध्यम से ओवर स्पीड चालान की व्यवस्था को नई गति सीमा के अनुसार अपडेट कराया जाएगा। एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा पर पीए सिस्टम से वाहन चालकों को लगातार एनाउंसमेंट के जरिए जागरूक किया जाएगा। कोहरे की चेतावनी वाले संदेश बड़े-बड़े बोर्ड, रेडियो और एफएम के माध्यम से भी प्रसारित किए जाएंगे। एंट्री-एग्जिट प्वाइंट पर फॉग लाइट लगाने, रिफ्लेक्टिव टेप और साइन बोर्ड का निरीक्षण करने तथा पेट्रोलिंग टीमों को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।यूपीडा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि टोल प्लाजा और एंट्री-एग्जिट प्वाइंट पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित कराई जाए। इसके लिए संबंधित थाना प्रभारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया जाए, जिससे कोहरे के दौरान आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर यातायात सुचारु रखने के साथ दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

कानून के शिकंजे में तीन वारंटी! मनसुखपुरा पुलिस ने दबिश देकर दबोचा



पिनाहट। पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। थाना मनसुखपुरा पुलिस ने मंगलवार को न्यायालय द्वारा वारंट जारी होने वाले आरोपितों के खिलाफ दबिश दी। जिसमें मल्ल का पुरा निवासी सुभाष , चंद्रपाल और? जोधा सिंह निवासी सेहा ये तीनों आरोपित लंबे समय से न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे। जिसके चलते उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

पड़ोसियों ने घर में घुसकर महिला से की मारपीट

पिनाहट। पड़ोसियों ने घर में घुसकर महिला से बुरी तरह मारपीट की है। जिसमें महिला की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना पिंढौरा क्षेत्र के गांव नगरिया निवासी नजमा पत्नी आमीन ने बताया कि 15 नवम्बर सुबह करीब 11 बजे पड़ोसी मारुती देवी, आलीम, रेश्मा,समीम, मुन्नी, रिहान ने घर में घुसकर लाठी डंडों से बुरी तरह मारपीट की। जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गयी। वहीं महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अस्पताल में लाठी-डंडों से हमला! मरीजों में मची भगदड़, 14 के खिलाफ केस दर्ज

फतेहाबाद। थाना क्षेत्र के आगरा-फतेहाबाद मार्ग स्थित डॉक्टर मुकेश बघेल हॉस्पिटल में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले चार नामजद सहित 10 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। डॉ. मुकेश बघेल अस्पताल के संचालक अनिल कुमार पुत्र कंचन सिंह निवासी ताजगंज गुंम्बट थाना ताजगंज ने थाना फतेहाबाद में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि सोमवार दोपहर 2:00 बजे के करीब तीन कार व बाइकों पर सवार थाना डौकी क्षेत्र के गाँव गुर्जा निवासी बबलू, सत्यदास, पदमसिंह ,विद्याराम अपने साथ 10 से 15 लोगों के साथ अस्पताल पर हाथों में लाठी डंडे लेकर आये थे और आते ही गाली गलौज करते हुए हॉस्पिटल में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट व तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया था।

पत्रकारों के लिए विशेष स्व-गणना कैंप कल

आगरा। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत चल रहे स्व-गणना (री'ा-एल्ल्रठी१ंइङ्घल्ल) अभियान को बढ़ावा देने और मीडिया कर्मियों को इसकी प्रक्रिया से सहज बनाने के लिए एक विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला सूचना कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कल दिनांक 18 नवंबर 2026 को प्रातः 11:30 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक मोतीलाल नेहरू रोड, घटिया आजम खां स्थित 16/11 ताज प्रेस क्लब में इस विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा।

अ अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित होने वाले इस कैंप में समस्त पत्रकार बंधुओं और उनके परिजनों को आमंत्रित किया गया है। कैंप के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा उपस्थित पत्रकारों को स्व-गणना आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी और परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने की पूरी प्रक्रिया समझाई जाएगी तथा आवश्यक मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा। प्रशासन ने सभी सम्मानित मीडिया बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे इस कैंप में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सहभागिता करें और जनगणना-2027 के इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

TNF TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper

मतदाता सूची का आलेख प्रकाशन संपन्न

डीएम मनीष बंसल ने राजनीतिक दलों के समक्ष जारी किया ड्राफ्ट रोल, 4 जनवरी को होगा अंतिम प्रकाशन

- 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक नागरिक फॉर्म 6, 7 और 8 भरकर करा सकेंगे नए नाम दर्ज, संशोधन या आपत्ति दर्ज; जनपद में अब कुल 30,06,302 मतदाता

टीएनएफ टुडे, आगरा।



विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की आलेख्य मतदाता सूची (ड्राफ्ट रोल) का आधिकारिक प्रकाशन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया? जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी मनीष बंसल ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय तथा राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इस सूची को सार्वजनिक किया और सभी दलों को इसकी प्रतियां उपलब्ध कराईं? प्रकाशन से पूर्व आयोजित बैठक में जानकारी दी गई कि 1 जनवरी 2027 को अहर्ता तिथि मानकर यह आलेख्य प्रकाशन किया गया है, जिसके अनुसार वर्तमान में जनपद में कुल 30,06,302 मतदाता दर्ज हैं, जबकि इससे पूर्व 10 अप्रैल 2026 के अंतिम प्रकाशन में यह संख्या 29,62,418 थी।

जिलाधिकारी ने बताया कि 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक का समय नागरिकों के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। इस अवधि के दौरान कोई भी नागरिक बूथ लेवल अधिकारियों (इछड), बूथ लेवल एजेंटों (इछअ) के माध्यम से या स्वयं आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फॉर्म-6 (नए पंजीकरण के लिए), फॉर्म-7 (नाम हटाने या आपत्ति के लिए) तथा फॉर्म-8 (नाम, पता या अन्य विवरणों में संशोधन के लिए) भरकर आवेदन कर सकता है। सभी आपत्तियों और दावों के निस्तारण के पश्चात आगामी 4 जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके अलावा बूथों के संभाजन के बाद जिले में कुल 3,849 पोलिंग स्टेशन प्रस्तावित किए गए हैं।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगरा साउथ, आगरा नॉर्थ, फतेहाबाद, खेरागढ़, फतेहपुर सीकरी और बाह विधानसभा क्षेत्रों में औसत से कम ईपी रेशियो (एढ फ्रेङ्क) तथा बाह, खेरागढ़, फतेहाबाद व आगरा ग्रामीण में औसत से कम जेंडर रेशियो (वर्तमान औसत 830) पर चिंता जताते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने बीएलए के माध्यम से इसमें सुधार लाने में पूरा सहयोग करें। साथ ही निर्देश दिए गए कि सभी ईआरओ (एफ्ड) प्रति सप्ताह राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर बीएलए की नियुक्ति और प्राप्त फॉर्मों के डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया सुनिश्चित करें।

यह आलेख्य मतदाता सूची जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ के पास जनता के अवलोकन के लिए उपलब्ध है। इस उच्चस्तरीय बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी यमुनाधर चौहान सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख पदाधिकारी और सभी विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ उपस्थित रहे।

श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर मंथन

औद्योगिक संबंध संहिता 2020 और यूपी औद्योगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों पर हुई विस्तार से चर्चा

टीएनएफ टुडे, आगरा।



उप श्रम आयुक्त, आगरा के चैम्बर में रविवार, 16 नवंबर 2026 को सेवायोजक और श्रमिक प्रतिनिधियों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस उच्चस्तरीय बैठक का मुख्य उद्देश्य नवीन श्रम संहिताओं, विशेष रूप से औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (क्ल्लि४२-३१" फी"३ङ्कल्ल२ उङ्घी, 2020) तथा उत्तर प्रदेश औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के विभिन्न वैधानिक प्रावधानों और उनके व्यावहारिक क्रियान्वयन पर गहन विचार-विमर्श करना था। इस गरिमामयी बैठक में श्रम न्यायालय, आगरा के माननीय पीठासीन अधिकारी ने भी विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज कराई।

बैठक के दौरान उपस्थित सभी सेवायोजक एवं श्रमिक प्रतिनिधियों ने अपने-अपने बहुमूल्य विचार और सुझाव साझा किए। इस दौरान औद्योगिक विवादों के संचालन, उनकी सुनवाई की प्रक्रिया और मुकदमों के त्वरित निस्तारण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों का मानना है कि इस बैठक में आए सुझाव भविष्य में श्रम न्यायालयों, औद्योगिक न्यायाधिकरणों और उप श्रम आयुक्त कार्यालय में श्रम विवादों के प्रभावी संचालन और त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में बेहद उपयोगी और सहायक सिद्ध होंगे।

बैठक के अंत में अध्यक्ष एवं अधिवक्ता श्री अनिल कुमार गोयल ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों, सेवायोजक प्रतिनिधियों तथा श्रमिक प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह पूरी बैठक बेहद सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर आर.के. गोयल, अनिल अग्रवाल, मनोज कुमार रस्तोगी, अवध प्रकाश बाजपेई, अतुल पांडे, युद्धवीर सिंह, योगेश कुमार, आकाश सिंह सिसोदिया, प्रमोद श्रीवास्तव, एडवोकेट हमजा इकबाल, भगवान सिंह सोलंकी, राजवीर सिंह सोलंकी, संग्राम सिंह, भूपेंद्र सोलंकी, केशव शर्मा, पुष्पेंद्र सोलंकी, करन गिर्ज और शैलेंद्र दुबे सहित तमाम गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मतदाताओं के लिए बड़ी सौगात

डीएम मनीष बंसल ने किया डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर का शुभारंभ, 24 घंटे मिलेगा हर सवाल का जवाब

टीएनएफ टुडे, आगरा।



- विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत 21, 22, 28 और 29 नवंबर को बूथों पर लगेंगे विशेष कैंप; फॉर्म 6, 7 और 8 भरकर मतदाता सूची को कर सकेंगे दुरुस्त

आगामी विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत मतदाताओं की सुविधा और उनकी निर्वाचन संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कलेक्ट्रेट स्थित सिविल डिफेंस कार्यालय में 'डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर' (उढउ) की स्थापना कर दी गई है। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी मनीष बंसल ने दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर इस सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया। आलेख्य निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 17 नवंबर 2026 को कर दिया गया है, जबकि इसका अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को किया जाना निर्धारित है।

जिलाधिकारी ने बताया कि यह डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर 247 (सातों दिन, चौबीसों घंटे) सक्रिय रहेगा, जिस पर नागरिक कभी भी कॉल करके निर्वाचन और मतदाता सूची से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं तथा अपनी शिकायतें या सुझाव दर्ज करा सकते हैं। नागरिकों की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 के साथ-साथ लैंडलाइन टेलीफोन नंबर 0562-2250170, 0562-2971483 और 0562-2971983 जारी किए गए हैं। इन नंबरों पर संपर्क कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम कटवाने (विलोपन), विवरणों में संशोधन करने, अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर, मतदान केंद्र और वोटर आईडी कार्ड (एढक्ढ) से जुड़ी तमाम जानकारियां आसानी से प्राप्त की जा सकती हैं।

प्रशासन द्वारा जनपद के समस्त पात्र नागरिकों से अपील की गई है कि वे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत निर्धारित विशेष कैंप तिथियों–21 नवंबर, 22 नवंबर, 28 नवंबर और 29 नवंबर 2026 को अपने नजदीकी मतदेय स्थल (बूथ) पर पहुंचें। नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 तथा विवरणों में संशोधन के लिए फॉर्म-8 भरकर जमा किया जा सकता है। लोकतंत्र की इस सबसे बड़ी प्रक्रिया में हर पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने सभी से सक्रिय सहयोग की अपील की है।

ब्लॉक स्तरीय पड़ोस युवा संसद में युवाओं को नशामुक्ति एवं विकसित भारत का दिलाया गया संकल्प

टीएनएफ टुडे, आगरा।



मेरा युवा भारत, आगरा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय पड़ोस युवा संसद का आयोजन महारानी अवंती बाई इंटर कॉलेज, श्यामो, ब्लॉक बरौली अहीर, आगरा में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय ह्लनशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारतह्व रहा। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय युवा शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, लकावली, आगरा के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बरौली अहीर चौधरी उत्तम सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा युवाओं के भविष्य और समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत के निर्माण का आधार है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ईश्वरी प्रसाद, प्रधानाचार्य; डॉ. सुमन शाक्य, एमओ, सीएचसी बरौली अहीर; अमित कुमार, सीएचओ; सुरेश चंद्र, एम एंड डीओ, जन चेतना सेवा समिति; गजेंद्र सिंह, वरिष्ठ टीबी सुपरवाइजर, सीएचसी बरौली अहीर; गीता चौहान, निर्मल राजपूत, सुनीता एवं अन्य अतिथियों ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार और पूरे समाज को प्रभावित करता है। युवाओं को नशामुक्त भारत अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करना चाहिए।

कार्यक्रम में भारतीय युवा शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, लकावली के अध्यक्ष किशन राजपूत, रोहित राजपूत सहित अनेक युवा एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी युवाओं से सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

समूहगान प्रतियोगिता में संपर्क शाखा ने हासिल किया तृतीय स्थान



आगरा। भारत विकास परिषद संपर्क शाखा की समूहगान टीम ने मुरादाबाद में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की समूहगान प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ सहभागिता करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। सचिव नितिन गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थी लंबे समय से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उत्साहित थे। कड़ी मेहनत और अभ्यास के दम पर मिली इस उपलब्धि से आगरा का गौरव बढ़ा है।

वोटर लिस्ट में नाम नहीं तो छूट जाएगा वोट का मौका!

नाम जुड़वाने से लेकर कटवाने तक 30 दिन में दर्ज कराएं दावे-आपत्तियां



टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

- फतेहाबाद के 398 बूथों पर चस्पा हुई मतदाता सूची
- 2.99 लाख मतदाताओं के नामों का होगा सत्यापन
- नाम जुड़वाने के लिए भरें फार्म-6
- 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक स्वीकार होंगी आपत्तियां

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। इसके साथ ही 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और नाम हटवाने के लिए दावे एवं आपत्तियां ली जाएंगी। मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं होने पर पात्र मतदाता फार्म छह भरकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

तहसीलदार फतेहाबाद शिखर मिश्रा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूची प्रकाशित कराई गई है, जिससे लोग सूची का अवलोकन कर सकें। यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो वह फार्म छह भरकर नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकता है। इसके अलावा मतदाता सूची से संबंधित दावे और आपत्तियां 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक स्वीकार की जाएंगी। इस दौरान विशेष अभियान भी चलाए जाएंगे, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कुल 398 बूथ हैं। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 2,99,234 है। इनमें 1,64,654 पुरुष और 1,34,580 महिला मतदाता शामिल हैं।

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में स्व-गणना का महाअभियान शुरू

टीएनएफ टुडे, आगरा।

- 16 नवंबर से 30 नवंबर तक घर बैठे पोर्टल
- स्व-गणना करने वाले परिवारों को प्रगणक को बतानी होगी अपनी 'एसई आईडी' 1 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलेगी घर-घर जाकर जनसंख्या गणना

जनपद के समस्त नागरिकों से अपील करते हुए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा है कि जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) के अंतर्गत शुरू किए गए 'स्व-गणना' अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें। जनगणना देश की प्रगति, भविष्य की आवश्यकताओं के सटीक आकलन और जनकल्याणकारी नीतियों के निर्माण का मुख्य आधार होती है। वर्ष 2011 के बाद हो रही इस जनगणना में पहली बार डिजिटल तकनीक का व्यापक स्तर पर उपयोग किया जा रहा है, जिसके तहत उत्तर प्रदेश राज्य में 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक नागरिकों के लिए घर बैठे स्व-गणना की सुविधा प्रदान की गई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि नागरिक आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से आसानी से लॉगिन कर सकते हैं। परिवार का कोई भी सदस्य हिंदी सहित 16 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध इस पोर्टल पर घर बैठे मोबाइल, लैपटॉप या कंप्यूटर के जरिए कुल 40 सामान्य व बुनियादी प्रश्नों के उत्तर भरकर स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी कर सकता है। फॉर्म सफलतापूर्वक सबमिट होने के बाद एक विशिष्ट स्व-गणना पहचान संख्या (रए क्ख) प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना होगा और 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 के बीच घर आने वाले प्रगणक को उपलब्ध कराना होगा। जिन परिवारों द्वारा स्व-गणना नहीं की जाएगी, उनकी जानकारी प्रगणक स्वयं दर्ज करेंगे।

प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि 01 दिसंबर से 4 जनवरी तक घर-घर जाकर प्रगणकों द्वारा जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा, जिसके बाद 5 से 9 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण कार्य होगा तथा जनगणना की संदर्भ तिथि 5 जनवरी 2027 (रात्रि 12 बजे) निर्धारित की गई है। जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत नागरिकों द्वारा दी जाने वाली सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रखी जाती हैं और इनका उपयोग केवल सांख्यिकीय तथा विकास योजनाओं के नियोजन में किया जाता है। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी शिक्षण संस्थानों, फैक्ट्रियों, औद्योगिक इकाइयों और तकनीकी रूप से सक्षम नागरिकों से आह्वान किया है कि वे 30 नवंबर तक अपनी स्व-गणना स्वयं पूरी कर इस राष्ट्रीय कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करें।

राष्ट्रीय एकता शिविर में छाए विवि के छात्र अतुल

वाद-विवाद प्रतियोगिता में भी तीसरा स्थान किया हासिल



टीएनएफ टुडे, आगरा।



डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के पालीवाल पार्क परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय संस्थान के बी.ए. के छात्र अतुल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे विश्वविद्यालय और संस्थान का मान बढ़ाया है। शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक और बौद्धिक प्रतियोगिताओं में अतुल ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रंगोली प्रतियोगिता और समूह नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि वाद-विवाद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया।

छात्र की इस उल्लेखनीय सफलता से पूरे संस्थान में हर्ष और उल्लास का माहौल है। संस्थान के निदेशक डॉ. मनोज कुमार सिंह और समस्त शिक्षकगणों ने अतुल की इस उपलब्धि पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता न केवल अतुल की व्यक्तिगत मेहनत और प्रतिभा का परिणाम है, बल्कि एनएनएस के माध्यम से विद्यार्थियों में लगातार निखर रही रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय एकता की भावना का एक बेहतरीन उदाहरण भी है।

टीएनएफ टुडे मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
संपादक: धीरज शर्मा, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

सम्पादकीय

मथुरा के दीनदयाल धाम परखम में भाजपा का उच्चस्तरीय सियासी मंथन

उत्तर प्रदेश की राजनीति के भावी क्षितिज पर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों की बिसात अभी से पूरी शिद्दत के साथ बिछने लगी है और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने इसके लिए ताजनगरी मथुरा के फरह स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय धाम परखम को अपना मुख्य वैचारिक केंद्र चुन लिया है। जब प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व और संगठन के तमाम दिग्गज एकांत और वैचारिक रूप से पवित्र इस धाम में दो दिनों तक बैठकर गहन मंत्रणा करते हैं, तो इसके राजनीतिक संदेश बहुत दूर तक और बेहद गहरे होते हैं। इस उच्चस्तरीय चिंतन शिविर का मुख्य उद्देश्य केवल आगामी चुनावों की कागजी तैयारियों को परखना नहीं है, बल्कि बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में नया जोश भरना और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जटिल क्षेत्रीय तथा सामाजिक समीकरणों को साधना है। राजनीतिक विश्लेषक इस बात पर खास गौर कर रहे हैं कि आखिर भाजपा ने अपनी चुनावी रणनीति के शंखनाद के लिए ब्रज क्षेत्र की इस पावन माटी को ही क्यों चुना, क्योंकि यहाँ से निकलने वाला संदेश पूरे राज्य की राजनीति को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। विपक्षी दलों की तमाम उठापटक और नए-नए सियासी समीकरणों के बीच भाजपा का यह मंथन इस बात का प्रतीक है कि पार्टी सत्ता और संगठन के बीच बेहतर तालमेल बिठाकर किसी भी प्रकार की चुनावी चूक के लिए कोई गुंजाइश नहीं छोड़ना चाहती। जब सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के इस केंद्र से युवाओं, महिलाओं और पहली बार के मतदाताओं को जोड़ने का ठोस खाका तैयार किया जाता है, तो यह विरोधी खेमे में स्वाभाविक रूप से एक गहरी बेचैनी पैदा कर देता है। दीनदयाल धाम की इस पावन भूमि पर हुआ यह वैश्विक मंथन यह साबित करता है कि भारतीय चुनाव पद्धति में केवल सतही नारों से काम नहीं चलता, बल्कि इसके लिए वैचारिक जड़ों को मजबूत करते हुए धरातल पर सटीक प्रबंधन करना जरूरी होता है। आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मथुरा के परखम से उठी यह सियासी हुंकार यह तय करेगी कि आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश की राजनीतिक हवा किस करवट बैठेगी और कौन सा दल किस पर भारी पड़ेगा।

अनसुने प्रसंग- क्षेपक कथा

भगवान शिव ने संसार की रक्षा के लिए अपनी जटाओं में कालकूट विष छिपाया था

श्रीमद्भागवत पुराण और शिव महापुराण के कई अत्यंत दुर्लभ तथा गोपनीय अध्यायों में क्षीरसागर के प्रसिद्ध समुद्र मंथन के दौरान निकले हलाहल विष से जुड़ी यह पावन और रहस्यमयी कथा संपूर्ण सृष्टि में देवाधिदेव महादेव के आशुतोष स्वरूप और उनके उस असीम त्याग के गुप्त सत्य को उजागर करती है जिसे बहुत कम लोग जानते हैं।

जब देवताओं और दैत्यों द्वारा अमृत प्राप्ति के लिए मंदराचल पर्वत और वासुकी नाग की सहायता से क्षीरसागर का मंथन किया जा रहा था, तब उस अथाह समुद्र के गर्भ से सबसे पहले अत्यंत भयंकर और प्रलयकारी कालकूट विष प्रकट हुआ। उस भयानक विष की उष्णता और उसकी तीव्र ज्वाला इतनी अधिक तीव्र थी कि उसके संपर्क में आते ही तीनों लोक जलने लगे थे और देवता तथा राक्षस सभी भय के मारे कांपकर मूर्छित होने लगे थे।

जब संपूर्ण ब्रह्मांड पर आसन्न महाप्रलय का वह संकट मंडराया, तब सभी देवी-देवता और ब्रह्मा जी दौड़कर कैलाशपति भगवान शिव के पास पहुँचे और उनसे इस भयंकर विष से पूरी सृष्टि की रक्षा करने की अत्यंत आर्त भाव से प्रार्थना की। भक्तवत्सल और आशुतोष भगवान शिव ने जगत कल्याण के उस महान उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उस सारे कालकूट विष को अपनी हथेली पर उठाया और बिना किसी संकोच के एक ही बार में अपने कंठ से नीचे उतार लिया।

भगवान शिव ने जब उस विष को अपने गले में धारण किया, तो वह न तो उनके पेट में गया और न ही नीचे उतरा बल्कि माता पार्वती के आग्रह पर वह विष उनके कंठ में ही रुक गया जिससे उनका गला नीला पड़ गया और वे नीलकंठ कहलाए।

किंतु बहुत कम लोग यह जानते हैं कि उस मंथन के समय जब विष का वेग अत्यधिक बढ़ गया था, तब भगवान शिव ने उसकी भयंकर ऊष्मा के संतुलन के लिए अपनी जटाओं के भीतर भी उस विष का एक सूक्ष्म अंश सुरक्षित कर लिया था ताकि सृष्टि का कोई भी जीव ताप से आहत न हो।

यह पावन और अनसुना प्रसंग हमें यह अमर सीख देता है कि सच्चे रक्षक और नायक वे होते हैं जो दूसरों के जीवन को बचाने के लिए स्वयं सबसे भयानक कष्टों और विष को अपने गले में धारण करने का सामर्थ्य रखते हैं।

विकास से हांफता बेंगलुरु शहर!

बृज खंडेलवाल

क्या कोई शहर सचमुच तरक्की कर सकता है, जब उसके लोग रोज घंटों सड़कों पर फंसे रहें? दुनिया को सॉफ्टवेयर देने वाला बेंगलुरु आज खुद ट्रैफिक के जाल में उलझा हुआ है।

दो रोज पहले प्रधान मंत्री जी ने बैंगलोर मेट्रो नेटवर्क 100 किलोमीटर पार करने पर अपनी सरकार की तारीफ की । निश्चित ही यह बड़ी कामयाबी है। लेकिन सड़कों पर हालात अब भी बदहाल हैं।

सुबह घर से निकलो तो जाम, शाम को लौटो तो जाम। चौराहों पर गाड़ियों की लंबी कतारें, सड़कों पर रेंगते वाहन और हॉर्न का शोर। दफ्तर जाने वाले हों, विद्यार्थी हों या मरीज, सबकी जिंदगी ट्रैफिक ने मुहाल कर रखी है। छोटे-छोटे सफर में भी घंटों लग जाते हैं।

बेंगलुरु की विडंबना यही है। शहर की आबादी, गाड़ियां और इमारतें तेजी से बढ़ीं, लेकिन यातायात की व्यवस्था पीछे छूट गई। सवाल है कि लोग अपने घर से मेट्रो स्टेशन तक कैसे पहुंचें? स्टेशन से दफ्तर या घर तक जाने का इंतजाम क्या है?

आखिरी दूरी यानी लास्ट माइल कनेक्टिविटी आज भी बड़ी समस्या है। फीडर बसें कम हैं। बस, मेट्रो और दूसरे साधनों के बीच तालमेल कमजोर है। नतीजा यह है कि बहुत से लोग निजी गाड़ियों पर निर्भर हैं।

शहर का फैलाव भी बेतरतीब हुआ है। नए रिहायशी इलाके, आईटी पार्क और बाजार दूर-दूर तक फैल गए। लेकिन उनके हिसाब से सड़कें और सार्वजनिक परिवहन विकसित नहीं हुए। लोग रोज लंबी दूरी तय करने को मजबूर हैं।

ट्रैफिक जाम सिर्फ परेशानी नहीं, जानलेवा खतरा भी बन चुका है।

कर्नाटक की ट्रैफिक और रोड सेफ्टी यूनिट के



आईटी की दुनिया में झंडे गाड़ने वाला शहर अपनी सड़कों पर हांफ रहा है। मेट्रो का विस्तार हुआ, लेकिन ट्रैफिक जाम, सड़क हादसों और मौतों पर लगाम नहीं लगी।

आंकड़े डराने वाले हैं। 2021 से 2025 के बीच बेंगलुरु में हर साल औसतन 4,447 सड़क हादसे हुए। इनमें करीब 847 लोगों की जान गई। यानी हर दिन दो से ज्यादा मौतें!

बेंगलुरु को छोड़कर बाकी कर्नाटक की हालत भी बेहतर नहीं है। 2021 में 31,434 हादसे हुए थे। 2025 में यह संख्या बढ़कर 37,682 हो गई। करीब 20 प्रतिशत का इजाफा हुआ। मौतों की संख्या भी 9,384 से बढ़कर 11,344 पहुंच गई।

2026 के शुरूआती नौ महीनों के आंकड़े भी चिंता बढ़ाते हैं। इस दौरान राज्य में 28,809 हादसे हुए। इनमें 8,048 लोगों की मौत हुई और 37,289 घायल हुए। ये आंकड़े बेंगलुरु को छोड़कर बाकी राज्य के हैं।

राज्य के पुलिस प्रमुख एम. ए. सलीम ने हादसों वाले इलाकों की पहचान, सख्त कार्रवाई और सड़क सुधार की जरूरत बताई है। पुलिस, लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, एनएचएआई और स्थानीय निकाय मिलकर काम कर रहे हैं।

लेकिन सवाल है कि क्या चालान काटने और पुलिस तैनात करने से समस्या हल हो जाएगी? जब सड़कें कमजोर हों, चौराहे अव्यवस्थित हों और गाड़ियों का बोझ लगातार बढ़े, तो हादसों का खतरा कैसे घटेगा?

बेंगलुरु की बीमारी का इलाज सिर्फ नए फ्लाईओवर बनाना नहीं है। कुछ समय के लिए राहत मिल सकती है, लेकिन कुछ ही दिनों में वहां भी गाड़ियों की कतार लग जाती है। ज्यादा सड़कें अक्सर ज्यादा गाड़ियों को बुला लेती हैं।

शहर को एक नई और दूरदर्शी मोबिलिटी प्लान, (यातायात नीति) चाहिए। बसों की संख्या बढ़े। मेट्रो के साथ बसों का तालमेल बने। हर इलाके से स्टेशन तक आसान सफर हो। पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ हों। साइकिल चलाने वालों को सुरक्षित रास्ते मिलें। पार्किंग की व्यवस्था भी सुधरे।

सबसे जरूरी है कि शहर की अलग-अलग एजेंसियां मिलकर काम करें। सड़क, मकान, बाजार और सार्वजनिक परिवहन की योजना अलग-अलग नहीं बन सकती।

आई टी प्रोफेशनल वेंकट कहते हैं, "बेंगलुरु देश की आईटी ताकत है। दुनिया भर की कंपनियां यहां कारोबार करती हैं। लाखों युवाओं को रोजगार मिलता है। लेकिन चमचमाती इमारतों और बड़े निवेश से ही शहर महान नहीं बनता।"

अच्छे शहर की पहचान यह भी है कि लोग सुरक्षित रहें। समय पर दफ्तर पहुंचें। साफ हवा में सांस लें। बच्चों और बुजुर्गों को सड़क पार करने में डर न लगे।

100 किलोमीटर मेट्रो का जश्न मनाना चाहिए। मगर इस उपलब्धि के साथ आत्ममंथन भी जरूरी है।

ऊषा अय्यर, होम मेकर, कहती हैं, बेंगलुरु को सिर्फ लंबी मेट्रो लाइनें नहीं, एक मुकम्मल शहरी यातायात नीति चाहिए।आखिर ऐसी तरक्की किस काम की, जिसमें शहर तो दौड़ रहा है, लेकिन उसके नागरिक ट्रैफिक में फंसे हुए हैं?"

असली विकास मेट्रो के किलोमीटर गिनने में नहीं, लोगों का सफर आसान और सुरक्षित बनाने में है।

कागज पर पशु आधार, धरातल पर भूख और व्यवस्था के सामने किसान की पुकार

डॉ. दीपक गोस्वामी

ब्रज की पहचान केवल मंदिरों, मठों, परिक्रमा मार्गों और उत्सवों से नहीं है। ब्रज की आत्मा में गाय, गोपाल, गोचर भूमि, किसान, यमुना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी शामिल हैं। इसलिए जब भगवान श्रीकृष्ण की धरती पर गाय सड़क किनारे कूड़ा खाती दिखाई देती है, किसान रातभर अपनी फसल बचाने के लिए जागता है और गौशालाओं की व्यवस्था पर प्रश्न उठते हैं, तब यह केवल पशुपालन की समस्या नहीं, हमारी सामूहिक चेतना और प्रशासनिक जवाबदेही की परीक्षा बन जाती है।

सबसे बड़ा प्रश्न है—गाय के नाम पर योजनाएँ कितनी हैं और गाय के जीवन में उनका लाभ कितना पहुँचता है?

कागज पर पशु आधार, धरातल पर पशु की पहचान

भारत सरकार ने पशुधन की पहचान के लिए बारह अंकों वाले विशिष्ट कान टैग की व्यवस्था विकसित की है। भारत पशुधन प्रणाली के माध्यम से पशुओं के टीकाकरण, उपचार, प्रजनन और अन्य गतिविधियों का अभिलेख रखा जा सकता है।

यह व्यवस्था पशुपालन में पारदर्शिता की बड़ी संभावना है। लेकिन टैग लगा देना ही संरक्षण नहीं है। वास्तविक चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि पंजीकृत पशु जीवित भी है, स्वस्थ भी है और उसकी देखभाल भी हो रही है।

यदि किसी गौशाला में टैग के दुरुपयोग अथवा पशुओं की संख्या में अनियमितता की शिकायत मिलती है तो स्वतंत्र जाँच होनी चाहिए। प्रत्येक पशु की पहचान, तस्वीर, स्थानांतरण और मृत्यु का अभिलेख अद्यतन होना चाहिए। गाय की पहचान केवल कान में लगे टैग से नहीं, उसके स्वस्थ जीवन से होनी चाहिए।

अनुदान का हिसाब और गाय के पेट का हिसाब

क्या 50 रुपये में एक गौमाता की उदर पूर्ति की व्यवस्था की जा सकती है। और सरकारी तंत्र से 50 के 50 पूरे समय पर सरलता और राजीखुशी से निकाल कर गौशाला तक पहुँचना इतना आसान है।

उत्तर प्रदेश के नगर विकास विभाग की कान्हा गौशाला योजना में नगरीय निकायों की गौशालाओं के लिए प्रति गोवंश प्रतिदिन पचास रुपये की सहायता का प्रावधान है। यह दर प्रदेश की सभी निजी और ग्रामीण गौशालाओं पर समान रूप से लागू नहीं होती।

लेकिन सवाल केवल सहायता की राशि का नहीं, उसके उपयोग का भी है।



पशु को पर्याप्त चारा, भूसा, स्वच्छ पानी, छाया, चिकित्सा और सुरक्षित स्थान चाहिए। केवल पंजीकृत पशुओं की संख्या के आधार पर भुगतान करने से वास्तविक संरक्षण सुनिश्चित नहीं होता। और क्या 50 रुपये इस सबके लिए पर्याप्त है।

सरकार प्रत्येक गौशाला का सार्वजनिक लेखा तैयार करे। कितने पशु हैं, कितना अनुदान मिला, कितना चारा खरीदा गया, कितने पशुओं का उपचार हुआ और कितनी मृत्यु हुई—इनका विवरण सार्वजनिक होना चाहिए।

गोबर और गौमूत्र : उपेक्षित ग्रामीण अर्थव्यवस्था

नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार एक गाय से औसतन प्रतिदिन दस से बारह किलोग्राम गोबर और पाँच से छह लीटर मूत्र प्राप्त होने का अनुमान है। वास्तविक मात्रा पशु की नस्ल, भोजन और परिस्थितियों पर निर्भर करती है।

गोबर से जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट और बायोगैस बनाई जा सकती है। गौमूत्र से भी गुणवत्ता के निर्धारित मानकों के अनुसार कृषि और अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं।

लेकिन उत्पादन को सीधे शुद्ध आमदनी नहीं माना जा सकता। संग्रह, श्रम, प्रसंस्करण, परिवहन और बिक्री की लागत भी घटानी होगी। क्या गौ उत्पादों की बाजार में इतनी मांग धरातल पर है। क्या वास्तव में यह लाभ जनक व्यापारिक परियोजना हो सकती है?,

सरकार इस कार्य मे कितना सहयोग करती है। समूह,महिला,किसान,बाजार और उधमिता को जोड़ने के लिए क्या धरातल पर कपि प्रयास सरकारी असरदार जमीनी सत्य रूप में किये गए।

क्या यह लाभदायक उत्पादन इकाई बन सकती है?

प्रत्येक गौशाला में गोबर और गौमूत्र के उत्पादन, उपयोग तथा बिक्री का अलग लेखा होना चाहिए। इससे गौशालाओं को आय के अतिरिक्त स्रोत मिल सकते हैं और ग्रामीण रोजगार भी विकसित हो सकता है। कागजों में विकास का गुणगान कर अपनी पीठ खुद थपथपाकर खुश हो जाना बहुत ही आसन है पर धरातल पर स्थिति विल्कुल अलग है

किसान की रात और गाय की भूख

मथुरा के छाता, गोवर्धन और नौहझील जैसे क्षेत्रों में छुट्टा पशुओं से फसल की सुरक्षा किसानों की गंभीर चिंता है। किसान बीज, खाद, सिंचाई, मजदूरी और ऋण का खर्च उठाकर फसल तैयार करता है। रात में पशु खेत में प्रवेश कर जाएँ तो उसकी महीनों की मेहनत प्रभावित हो सकती है।

खेत की बाड़ में प्रवाहित करंट से किसान की मृत्यु की घटना भी सामने आ चुकी है। अवैध विद्युत बाड़ पशु और मनुष्य दोनों के लिए जानलेवा है।

किसान और गाय को एक-दूसरे का विरोधी बनाकर समस्या हल नहीं होगी। सुरक्षित सौर बाड़, सामुदायिक पशु आश्रय, गोचर भूमि का संरक्षण और स्थानीय निगरानी आवश्यक है। किसान की फसल भी बचे और गोवंश का जीवन भी सुरक्षित रहे—नीति की सफलता इसी में है।

मंदिरों का दान और गौशालाओं की जवाबदेही

ब्रज के मंदिरों और धार्मिक संस्थाओं में श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा से दान करते हैं। इस दान का उपयोग कहाँ और कैसे होता है, इसकी पारदर्शिता भी उतनी ही आवश्यक है।

किसी मंदिर अथवा ट्रस्ट पर बिना प्रमाण धन के दुरुपयोग का आरोप लगाना अनुचित है। लेकिन धार्मिक संस्था होने के कारण वित्तीय जवाबदेही से छूट भी नहीं मिल सकती।

यदि कोई संस्था गौसेवा के लिए दान स्वीकार करती है तो उसे चारा, चिकित्सा, आश्रय और पशु कल्याण पर हुए व्यय का विवरण उपलब्ध कराना चाहिए। सारे बड़े ,छोटे कथा भागवत कहने वाले ,संत ,महंत और प्रतिष्ठित उधोगपति बृज भूमि पर इतनी सारी गौशाला का संचालन कर रहे हैं। खरबों रुपये के दान बृज क्षेत्र में विभिन्न माध्यमों से आते हैं। पर गौमाता आज कूड़े के ढ़ेर पर जनता द्वारा फेंकी पॉलीथिन में लिपटे कचरे को खाने के लिये क्यों मजबूर हैं?

कौन है जिम्मेदार,?

भक्त को केवल श्रृंगार नहीं, सेवा का वास्तविक परिणाम जानने का अधिकार भी है।

पॉलीथिन : मनुष्य की लापरवाही, गाय की सजा

मथुरा-वृंदावन में कचरा प्रबंधन की समस्या को गौवंश संरक्षण से अलग नहीं किया जा सकता। शहर में कचरे के एकत्रीकरण और निस्तारण की चुनौतियाँ सार्वजनिक चर्चा और प्रशासनिक समीक्षा का विषय रही हैं।

सड़क किनारे फेंका गया भोजन और उसमें मिली प्लास्टिक गाय के पाचन तंत्र के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। इससे बीमारी और मृत्यु तक हो सकती है।

इसका समाधान केवल कूड़ेदान बढ़ाने से नहीं होगा। घरों, दुकानों, मंदिरों और बाजारों से गीले तथा सूखे कचरे का पृथक संग्रह और प्लास्टिक के खुले निस्तारण पर प्रभावी रोक आवश्यक है।

समाधान : गौशाला नहीं, संपूर्ण गोवंश व्यवस्था बदलिए

हर गौशाला में डिजिटल पशु रजिस्टर, दैनिक चारा लेखा, नियमित चिकित्सकीय परीक्षण, मृत्यु का प्रमाणित अभिलेख और स्वतंत्र निरीक्षण अनिवार्य होना चाहिए।

सरकारी सहायता को वास्तविक पशु संख्या के साथ पोषण, स्वास्थ्य और संरक्षण के मानकों से जोड़ा जाए।

मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत इच्छुक पात्र परिवारों को गोवंश सौंपने की व्यवस्था का विस्तार हो। परिवार की आर्थिक क्षमता, पशु के भोजन और चिकित्सा की उपलब्धता देखकर ही जिम्मेदारी दी जाए।

गोबर आधारित खाद, बायोगैस, जैविक कृषि और ग्रामीण उत्पादों के लिए स्थानीय बाजार विकसित किए जाएँ। गोचर भूमि सुरक्षित हो और किसानों को फसल सुरक्षा के व्यावहारिक साधन मिलें।

गाय को केवल दान की वस्तु नहीं, जीवित जिम्मेदारी समझना होगा।

जिस ब्रज में श्रीकृष्ण को गोपाल कहा गया, वहाँ गोवंश की सुरक्षा केवल सरकार का काम नहीं, समाज, मंदिर, किसान, पशुपालक और प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

गोपाष्टमी पर तिलक लगाना श्रद्धा है, लेकिन वर्षभर भूखी गाय को भोजन देना सेवा है।

कान में बारह अंकों का पशु आधार लगाने से गाय का जीवन सुरक्षित नहीं होता। उसके पेट में चारा, शरीर में स्वास्थ्य, सिर पर छाया और जीवन में सुरक्षा होनी चाहिए ।सिर्फ जय गौमाता ,जय गोपाल नारों में नही ,कागजों में ,सत्य रूप से धरातल पर होना जरूरी है। विशेषकर नई कल्याणकारी धरातलीय योजनाओं को उपयोगी बना सरकारी लाल फीताशाही और दान तंत्र के गहरी कठोर निगरानी और जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कठोर कार्यवाही करने की पहली आवश्यकता है।

अब ब्रज को गायों की संख्या नहीं, उनके जीवन की गुणवत्ता गिननी होगी।

क्योंकि असली गोसेवा वह नहीं जो दानपात्र में दिखाई दे, असली गोसेवा वह है जो गाय के जीवन में दिखाई दे।

सितारों की चाल : आपका भविष्यफल

दिनांक 19 नवंबर 2026 गुरुवार

कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष कर्क सिंह तुला वृश्चिक और मीन राशि के जातकों का मानसिक मनोबल और भाग्य का संबल अत्यंत उत्तम रहेगा। गुरुवार का दिन सृष्टि के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु और देवगुरु बृहस्पति की आराधना के लिए परम पवित्र और अक्षय फलदायी माना जाता है। आज के दिन भगवान विष्णु के मंदिर में जाकर पीले पुष्प और चने की दाल का भोग लगाने तथा विष्णु सहस्रनाम का पाठ करने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और अटूट ज्ञान तथा ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

मेष

आज कार्यक्षेत्र में आपके पराक्रम और नेतृत्व क्षमता की खुलकर सराहना होगी जिससे आपका प्रभाव काफी बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में किए गए पूर्व प्रयासों से अचानक बड़ा धन लाभ होने की पूरी संभावना बन रही है। भगवान विष्णु को पीले फूल अर्पित करें जिससे आपके सभी संकट दूर हों।

वृष

आज व्यापार में किसी नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने का बहुत ही अनुकूल समय है और वरिष्ठ अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन में सुख और शांति का वातावरण बना रहेगा जिससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। मंदिर में केले का दान करें जिससे आपके भाग्य के द्वार खुलेंगे।

मिथुन

आज आपकी बौद्धिक क्षमता और तार्किक शक्ति से आपके सभी जटिल और रुके हुए कार्य तेजी से हल होंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अध्ययन और प्रतियोगिता परीक्षा में बड़ी सफलता दिलाने वाला रहेगा। विष्णु सहस्रनाम का नियमित पाठ करें जिससे आपकी संपत्ति और कार्यकुशलता में वृद्धि हो।

कर्क



आज भूमि भवन या अचल संपत्ति के क्रय-विक्रय से जुड़ा कोई रुका हुआ मामला सुलझने से मन में उत्साह रहेगा। माता-पिता का भरपूर स्नेह और मार्गदर्शन प्राप्त होगा जो आपके लिए बहुत लाभदायक रहेगा। मंदिर में पीला वस्त्र भेंट करें जिससे आपके घर में सुख समृद्धि का वास हो।

सिंह

आज समाज और कार्यक्षेत्र में आपके वर्चस्व तथा मान-सम्मान चरम पर होगा और विरोधी आपके सामने टिक नहीं पाएंगे। आय के नए स्रोत बनने से आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत और सुदृढ़ होगी। भगवान विष्णु का केसर युक्त जल से अभिषेक करें जिससे आपके यश और कीर्ति में वृद्धि हो।

कन्या

आज आपकी आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा और लंबे समय से रुका हुआ धन वापस मिलेगा। व्यापारियों को नए व्यावसायिक अनुबंध मिलने की पूरी संभावना बन रही है। किसी जरूरतमंद को चने की दाल दान करें जिससे आपके मार्ग की सभी रुकावटें दूर हों।

तुला

आज कला संस्कृति और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े जातकों को बड़ी सफलता मिलेगी और भरपूर जनसमर्थन प्राप्त होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के साथ किसी मांगलिक कार्य में भाग लेंगे। मंदिर में हल्दी की गांठ अर्पित करें जिससे आपके जीवन में शांति बनी रहे।

वृश्चिक

आज आपके सोचे हुए सभी शासकीय और कानूनी कार्य बिना किसी रुकावट के समय पर पूरे होंगे। अपने स्वास्थ्य का थोड़ा ध्यान रखें और दिनचर्या को पूरी तरह संयमित रखने का प्रयास करें। नारायण कवच का पाठ करें जिससे आपके सभी विरोधी शांत रहें।

धनु

आज भाग्य का पूरा साथ मिलने से आपके सभी अटके हुए प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ेंगे और मन प्रफुल्लित रहेगा। धार्मिक गतिविधियों और सेवा कार्यों में आपकी गहरी रुचि रहेगी जिससे आत्मिक शांति मिलेगी। मंदिर में शुद्ध घी का दीपक जलाएं जिससे आपके मार्ग प्रशस्त हों।

मकर

आज नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने के बहुत ही सुंदर योग बन रहे हैं। पैतृक संपत्ति से जुड़ा कोई पुराना विवाद आपसी बातचीत से सुलझ सकता है। गुरुवार का व्रत रखें जिससे आपके करियर की बाधाएं समाप्त होंगी।

कुंभ

आज आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यों में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और किसी महत्वपूर्ण यात्रा का योग बनेगा। व्यावसायिक साझेदारों के साथ संबंध मजबूत होंगे जिससे व्यापार में बड़ा मुनाफा मिलेगा। बृहस्पति स्तोत्र का पाठ करें जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत हो।

मीन

आज आर्थिक लेन-देन में पूरी सावधानी बरतें और किसी भी अनजान योजना में सोच-समझकर ही पैसा लगाएं। पारिवारिक माहौल सुखद रहेगा और जीवनसाथी का पूरा सहयोग आपके साथ बना रहेगा। भगवान विष्णु के चरणों में प्रणाम करके दिन की शुरूआत करें जिससे आपके सभी मानसिक तनाव दूर हों।

आज का वास्तु शोधनम सूत्र

गुरुवार के दिन घर की उत्तर-पूर्व दिशा यानी ईशान कोण को पूरी तरह स्वच्छ रखकर वहां केले का पौधा या पीतल के पात्र में गंगाजल स्थापित करने तथा मुख्य द्वार पर हल्दी का स्वस्तिक बनाने से घर का गंभीर वास्तु दोष समाप्त होता है तथा देवगुरु बृहस्पति की कृपा से घर में ज्ञान, समृद्धि और स्थायी सुख-शांति का वास होता है।

यूपी चुनाव से पहले मथुरा में भाजपा का महा-मंथन, नितिन नवीन की एंट्री से सियासी हलचल तेज!

सीएम योगी ने किया स्वागत

- 2027 के रण के लिए मथुरा में भाजपा का महामंथन
- नितिन नवीन, योगी समेत 55 दिग्गजों ने संभाला मोर्चा
- ब्रज से पश्चिमी यूपी तक सियासी समीकरणों पर चर्चा



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

आगामी 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों को तेज करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने ब्रज की धरती मथुरा में दो दिवसीय (16 और 17 नवंबर) अहम चिंतन बैठक का आयोजन किया है। रिपोर्टों के मुताबिक, बैठक के दूसरे दिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन मथुरा पहुंचे, जहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश नेतृत्व के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

दो दिवसीय बैठक में 2027 के विधानसभा चुनाव की रूपरेखा, संगठन की मजबूती और जमीनी स्तर पर पार्टी की स्थिति की गहन समीक्षा की जा रही है। ? पार्टी नेतृत्व पश्चिमी उत्तर प्रदेश और ब्रज क्षेत्र के राजनीतिक व सामाजिक समीकरणों, स्थानीय मुद्दों और कार्यकताओं के फीडबैक पर विशेष रूप से विचार-विमर्श कर रहा है।

इस मंथन में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ-साथ दोनों उपमुख्यमंत्री (केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक), प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और पार्टी के कोर ग्रुप के लगभग 55 वरिष्ठ नेता शामिल हैं। रिपोर्टों के अनुसार, बैठक में अयोध्या और काशी की तर्ज पर मथुरा के विकास, ब्रज तीर्थ विकास परिषद की परियोजनाओं और बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की जा रही है। ?सूत्रों के हवाले से यह भी जानकारी सामने आई है कि मथुरा की इस बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली रवाना हो गए, जहां आगामी चुनावी कार्यक्रमों को लेकर उनकी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ मुलाकात महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

योगी का बड़ा ऐलान! संत रमेश बाबा के गौसेवा मिशन को देंगे नई रफ्तार!

12 यूनिट के मुफ्त डायलिसिस सेंटर का किया उद्घाटन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूज्य रमेश बाबा जी ने समाज को समृद्ध, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत सौंपी है। उनका सम्पूर्ण जीवन लोककल्याण, गौ-सेवा, गौ-रक्षा, गौ-संरक्षण एवं गौ-संवर्धन के लिए समर्पित रहा है। उनके इन संकल्पों की पूर्ति के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

भारत की सनातन संस्कृति ऋषि प्रधान और कृषि प्रधान संस्कृति है। हमारी गौ माता ऋषि परम्परा और कृषि परम्परा के बीच सेतु का कार्य करती है। गाय, बछड़ा, बछिया और बैल सहित सम्पूर्ण गौवंश भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था और ग्रामीण जीवन का महत्वपूर्ण आधार है।

मुख्यमंत्री पद्मश्री ब्रह्मलीन संत रमेश बाबा जी के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अपने उद्गार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने पूज्य संत रमेश बाबा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



मुख्यमंत्री ने श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कोटि-कोटि नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति और ऋषि परम्परा में गौ माता का विशेष स्थान है। हमारी सनातन परम्परा में गौ माता की महिमा का वर्णन करते हुए कहा गया है ह्यगावो विश्वस्य मातरःह्न अर्थात गौ माता सम्पूर्ण विश्व की माता हैं। गौ माता के प्रति हमारी श्रद्धा भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था और ग्रामीण जीवन से गहराई से जुड़ी हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 09-10 वर्ष पूर्व जब उन्हें यहां आने का अवसर मिला था, उस समय यहां की गौशाला में हजारों गायों की देखभाल एवं सेवा की जा रही थी। तब पूज्य रमेश बाबा जी ने विभिन्न परियोजनाओं की चर्चा की थी। आज उन परियोजनाओं को साकार होते देखकर प्रसन्नता हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत दिवस मथुरा में एक कार्यक्रम में आने का अवसर प्राप्त हुआ था। उसी दौरान उन्होंने कार्यक्रम के तत्काल बाद पूज्य रमेश बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आने का निश्चय किया था।

- संत रमेश बाबा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन
- 12 यूनिट के निःशुल्क डायलिसिस सेंटर की सौगात
- सूखी पहाड़ियों से हरियाली तक का सफर देख गदगद हुए योगी

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 12 इकाइयों वाले निःशुल्क डायलिसिस सुविधा केन्द्र का उद्घाटन किया। पूज्य रमेश बाबा जी के शिष्यों एवं अनुयायियों द्वारा 12 इकाइयों वाले निःशुल्क डायलिसिस सुविधा केन्द्र की स्थापना पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री जी ने इसे लोककल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। स्वयं अभाव में रहकर भी अपने जीवन का प्रत्येक क्षण समाज और लोककल्याण के लिए समर्पित कर देना ही संतों की विशेषता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 वर्ष पहले यहां केवल सूखी पहाड़ी दिखाई देती थी, आज चारों ओर हरियाली दिखाई दे रही है। इस पवित्र स्थल का दर्शन करके अनुभूति हो रही है कि गोमाता पूरे क्षेत्र को तीर्थ बना देती है। गौ माता की सेवा अपने आप में किसी पूरे क्षेत्र को तीर्थ के रूप में विकसित करने का सामर्थ्य रखती है। श्री माताजी गौशाला ट्रस्टह्न से जुड़ा सम्पूर्ण क्षेत्र आज आध्यात्मिकता, गौ सेवा और हरियाली के कारण विशिष्ट तीर्थस्थल के रूप में दिखाई दे रहा है। इस गोशाला ट्रस्ट से जुड़े क्षेत्र की हरियाली व आध्यात्मिकता को देखकर इसका अंदाजा भी लगाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने पूज्य रमेश बाबा के सभी शिष्यों एवं अनुयायियों का आह्वान किया कि वह उनके संकल्पों को पूरा करने के लिए आगे आएं तथा गौ सेवा, गौ रक्षा एवं गौ संवर्धन के कार्यों को निरन्तर आगे बढ़ाएं। प्रदेश सरकार इन लोक कल्याणकारी एवं सेवा कार्यों में उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगी। श्रद्धांजलि के दौरान माननीय मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें लक्ष्मी नारायण चौधरी एवं तिजारा के विधायक बालक नाथ जी मौजूद रहे।

गोपाष्टमी पर योगी का गौ-अवतार!

गोमाता के चरणों में झुके सीएम, गुड़ खिलाकर उतारी आरती

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोपाष्टमी के पावन अवसर पर फरह ब्लॉक के परखम गांव स्थित 'गो ग्राम' पहुंचकर गायों की विशेष पूजा-अर्चना की। माननीय मुख्यमंत्री जी ने गौमाताओं का पूरे विधि-विधान से पूजन किया। उन्होंने गौमाताओं को तिलक लगाया, माला पहनाई और अपने हाथों से गुड़ तथा हरा चारा खिलाया। इस दौरान उन्होंने सींगों पर मोरपंख बांधकर सजाई गई एक सुंदर देसी गाय की आरती उतारी और पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद लिया। मान्यता है कि गोपाष्टमी के दिन ही भगवान श्रीकृष्ण ने पहली बार गाय चराना शुरू किया था, इसलिए ब्रज में इस पर्व का विशेष महत्व है।



- गोपाष्टमी पर ब्रज की धरती से सीएम योगी का गौसंरक्षण संदेश
- गौमाता को तिलक-माला पहनाकर खिलाया गुड़ और हरा चारा
- दीनदयाल गो-विज्ञान केंद्र में गोमय उत्पादों की देखी प्रदर्शनी

गो पूजन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीनदयाल गो विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण भी किया। वहां उन्होंने गाय के गोबर और गोमूत्र से तैयार किए जा रहे विभिन्न गोमय (जैविक) उत्पादों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर स्थानीय माननीय पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। सरकार लगातार गो संरक्षण और संवर्धन की दिशा में काम कर रही है, जिसकी स्पष्ट झलक इस गोपाष्टमी महोत्सव में भी देखने को मिली।

ब्रज की भक्ति में रंगे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, परिवार संग किए कान्हा के दर्शन

श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचकर विधि-विधान से किया पूजन, देश की खुशहाली की कामना

- परिवार सहित श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति
- कान्हा के दरबार में शीश नवाकर लिया आशीर्वाद
- दो दिवसीय मथुरा-वृंदावन दौरे पर हैं रामनाथ कोविंद

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अपने दो दिवसीय मथुरा दौरे के दौरान परिवार सहित धर्मनगरी मथुरा-वृंदावन पहुंचे। सोमवार को वृंदावन आगमन के बाद मंगलवार को उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की पावन जन्मभूमि श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने पूरे श्रद्धाभाव के साथ भगवान श्रीकृष्ण के समक्ष शीश नवाया और देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचने पर परिसर में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। उन्होंने परिवार के साथ भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके आगमन को लेकर जन्मस्थान परिसर में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।



ब्रजभूमि की धार्मिक और आध्यात्मिक महत्ता के बीच पूर्व राष्ट्रपति का यह दौरा विशेष चर्चा का विषय रहा। मथुरा और वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर रामनाथ कोविंद ने ब्रज के प्रति अपनी धार्मिक आस्था प्रकट की।

2027 के रण से पहले भाजपा में सियासी भूचाल!

परखम में बंद कमरे में बना चुनावी चक्रव्यूह!

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- मिशन 2027 के लिए इखद्ध ने तैयार किया चुनावी रोडमैप
- जनता की नाराजगी और विधायकों के रवैये पर भी मंथन
- यूपी का फीडबैक लेकर दिल्ली रवाना हुए सीएम योगी, शाह से होगी अहम चर्चा

जनपद के बीजेपी द्वारा घोषित गौ ग्राम परखम में भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय महामंथन का उददेश्य सीधे विधानसभा चुनाव 2027 का रोडमैप तैयार कर एक फेवर में माहौल खड़ा करने का रहा। विरोधियों की बिछाई गई विशात पर पार्टी अपनी मजबूत चालें चलने से पहले पूरी तरह मंथन में जुटी हुई है। आम पार्टी जन की नाराजगी इसमें मुखर रही। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आम जनता व पार्टी के सक्रिय कार्यकताओं की अनदेखी भी उभरी। इस मौके पर फोटो खिचाओ नेताओं को भी सचेत किया गया।

सोमवार से मंगलवार तक चले इस मंथन में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, सीएम योगी आदित्यनाथ सहित लगभग 55शीर्ष नेता मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार इस महासम्मेलन में यूपी के चुनाव की रणनीति, संगठन की मजबूरी औश्र सरकार संगठन के बीच बेहतर तालमेल पर अधिक चर्चा रही।इसमें राष्ट्रीय औश्र स्थानीय नेतृत्व के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने, जनता के मध्य ज्यादा से ज्यादा संपर्क कर पार्टी एवं सरकार के कार्यों को बताने से लेकर विरोधियों को काउंटर करने पर भी मंथन हुआ।

यहां यह भी पता चला है कि अब पार्टी द्वारा चुनावों में भयंकर टकराव को देखते हुए एक राष्ट्रीय स्तर पर विशेष समिति सीधे नजर रखने के लिए तैनानी का भी मामला उभरा। यह टीम टिकट वितरण, टिकट कटने के बाद बागी नेताओं से लेकर स्थानीय नेताओं एवं कार्यकताओं से सीधे संपर्क रखेगी। बूथ लेबल तक संबंध मजबूती से स्थापित कर हर घर से अपने वोटर को बूथ तक ले जाने के लिए भी विशेष दस्ता तैयार किया जाएगा और पार्टी के लिए महत्वपूर्ण कार्य करने पर प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

दो दिवसीय मंथन में जो बिंदु विचार के बाद संकलित किए गए, वे नेशनल प्रेसीडेंट नवीन को सौंपे गए हैं। बैठक की गंभीरता एवं नजदीक चुनावों को देखते हुए यूपी के मुख्यमंत्री योगी जी ने अपना स्थानीय दौरा अधूरा छोड़ दिल्ली की ओर रूख कर लिया। चर्चा यह हो रही है कि यूपी के मंथन में यहां से मिले फीडबैक को राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन अब ग्रहमंत्री अमित शाह को देंगे और उसी समय यूपी के मुख्यमंत्री के साथ वार्ता कर रणीनति को प्रभावी बनाने पर मुहर लेगेगी। बैठक में कतिपय विधायकों की जनता से नाराजगी भी जाहिर हुई है।

आरोप प्रत्यारोप के बाद विरोधियों द्वारा की जा रही नाकेबंदी को देखते हुए राजनीति के चाणक्य अमित शाह के कदम एवं उनके अनुभव को प्रदेश की राजनीति के लिए असरदार माना जा सकता है।

निगम प्रशासन ने सुनीं जन समस्याएं

मथुरा। निगम के संभव, संतुष्टि एवं समृद्धि के अंतर्गत जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। मंगलवार को सुबह 10:00 से भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में महाप्रबंधक जलकल मोहम्मद अनवर ख्वाजा एवं अधिशासी अभियंता निर्माण अमरेंद्र गौतम द्वारा जनसुनवाई की गई, वृंदावन जोन में सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गई एवं सिटी जोन जनरल गंज कार्यालय में अवर अभियंता जलकल अजय कुमार द्वारा जन सुनवाई की गई।

जनसुनवाई के दौरान भूतेश्वर जोन में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 03 टैक्स , 01 जन्म प्रमाण पत्र , 01 जलकल ,03 सफाई, 02 लाइट के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें से 01 सफाई एवं 01 लाइट से संबंधित शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है । वृंदावन जोन में कुल 06 शिकायत प्राप्त हुई है। जिसमें से 2 पेयजल, 2 सीवर, 2 लाइट से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराया जाये

19 नवंबर 2026 को होगा सामूहिक विवाह, लगभग 500 जोड़ों की होगी शादी

मथुरा। जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनू ने अवगत कराया है कि जनपद मथुरा में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत चल वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद स्तर पर दिनांक 19 नवंबर 2026 को धौली प्याऊ स्थित रेलवे ग्राउण्ड (निकट मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन) में लगभग 500 से अधिक जोडों का विवाह कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है, जिसमें लगभग 480 जोड़े हिन्दू तथा 20 जोड़े मुस्लिम सम्मिलित होगें।

लॉर्ड कृष्णा विद्यालय में यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

विद्यार्थियों को दिलाई यातायात नियमों के पालन करने की शपथ

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।

मंगलवार को थाना रसूलपुर क्षेत्र के लालपुर स्थित लॉर्ड कृष्णा विद्यालय में यातायात पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ को यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई।

एसएसपी आदित्य लांग्हे के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के दौरान यातायात पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। वहीं चार पहिया वाहन में यात्रा करते समय सीट बेल्ट अवश्य लगानी चाहिए। इसके साथ ही वाहन निर्धारित गति सीमा में चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा सड़क पार करते समय विशेष सावधानी बरतने की जानकारी दी गई।

अभियान के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति दूसरों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

17 नवंबर से 16 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संशोधन का मिलेगा

फिरोजाबाद। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) के तहत मंगलवार को जनपद की आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। इस संबंध में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आलेख्य मतदाता सूची की प्रतियां उपलब्ध कराई गईं।

जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस दौरान फॉर्म-6 के माध्यम से नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे, फॉर्म-7 से अपात्र अथवा मृतक मतदाताओं के नाम हटाने तथा फॉर्म-8 के माध्यम से मतदाता सूची में दर्ज विवरणों में संशोधन कराया जा सकेगा। इसके लिए 21, 22, 28 एवं 29 नवंबर को सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह त्रुटिरहित बनाना है। विशेष रूप से एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल कराना प्राथमिकता है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) की नियुक्ति शीघ्र करें। जिन मतदान केंद्रों पर पोलिंग स्टेशन बढ़े हैं, वहां बीएलए और बीएलओ की संयुक्त बैठकें भी आयोजित की जाएंगी।



जिलाधिकारी ने बताया कि सभी मतदाता सूचियां एवं संबंधित फॉर्म सीईओ पोर्टल पर प्रतिदिन उपलब्ध रहेंगे। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक मतदाता सूची की प्रविष्टियों की बारीकी से जांच करनी होगी, ताकि किसी भी त्रुटि को समय रहते सुधारा जा सके। मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक बूथ पर पदाभिहित अधिकारी की तैनाती की जाएगी, ताकि बीएलओ के अनुपस्थित रहने पर भी मतदाताओं को फॉर्म जमा करने में परेशानी न हो। मतदाता अपनी शिकायत, समस्या अथवा सुझाव निर्वाचन आयोग के टोल फ्री नंबर 1950 पर दर्ज करा सकते हैं। इस नंबर पर संपर्क करते समय जिले का एसटीडी कोड लगाना होगा। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, रामनरेश कटारा, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष नदीम सिद्दीकी, बसपा जिलाध्यक्ष यादवेंद्र सिंह, आगरा मंडल जोन प्रभारी अखिलेश कुमार, सपा के डॉ. विजय आर्य, कांग्रेस जिला महासचिव शैलेंद्र कुमार, अजय प्रताप सिंह सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

ब्रज को चमकाने की तैयारी तेज!

स्वच्छता अभियान में अब शिक्षक-चिकित्सक भी संभालेंगे मोर्चा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

ब्रज को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से संचालित ह्यब्रज वैभव अभियानह्न के अंतर्गत ह्यब्रज स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियानह्न को नए सिरे से प्रभावी बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में हार्टफुलनेस संस्थान के माध्यम से संचालित इस अभियान के तहत ह्यहम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना हैह्न के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने की पहल की जा रही है।

इसी क्रम में 19 नवंबर 2026 को दोपहर तीन बजे डैम्पियर नगर स्थित पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

इसमें जनपद के समस्त डिग्री व माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों के साथ सरकारी और निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम के संचालकों तथा चिकित्सकों को आमंत्रित किया गया है।

सम्मेलन में स्वच्छता जनजागरूकता और अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाने पर चर्चा की जाएगी। साथ ही विद्यालयों, अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए आगामी कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

सैंया चौराहे पर जाम का तांडव! दो किलोमीटर तक थमे वाहनों के पहिए

बीच सड़क खराब हुआ कंटेनर, घंटों जूझे राहगीर

- शाम छह बजे कंटेनर खराब होने से बिगड़े हालात
- ग्वालियर हाईवे पर लगी वाहनों की लंबी कतार
- शादी के सीजन में पहले से बढ़ा हुआ था वाहनों का दबाव
- पुलिस ने जेसीबी से कंटेनर हटवाकर सुचारु कराया यातायात

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, सैंया।

ग्वालियर हाईवे स्थित सैंया चौराहे पर मंगलवार शाम एक कंटेनर अचानक सड़क पर खराब हो जाने से लंबा जाम लग गया। हाईवे पर करीब दो किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से कंटेनर को सड़क किनारे करवाकर काफी मशक्कत के बाद यातायात सुचारू कराया।



जानकारी के अनुसार, इन दिनों शादी-विवाह का सीजन चलने के कारण सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ा हुआ है। मंगलवार शाम करीब छह बजे धौलपुर की ओर से आगरा जा रहा एक कंटेनर सैंया चौराहे पर अचानक खराब हो गया। कंटेनर के बीच सड़क पर खड़े हो जाने से हाईवे पर वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई और देखते ही देखते करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

जाम की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। एसएसआई अंकुश चौधरी ने तत्काल जेसीबी मंगवाकर कंटेनर को धक्का लगवाया और उसे सड़क किनारे करवाया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने काफी मशक्कत कर वाहनों को निकलवाया और यातायात सुचारू कराया। जाम खुलने के बाद वाहन चालकों ने राहत की सांस ली।

टूंडला में पूर्व चेयरमैन के बेटे पर मारपीट और फायरिंग का आरोप, दुकान की दीवार में लगी गोली से मचा हड़कंप

- पैंटीज की दुकान में घुसकर युवक को पीटने का आरोप, दो लोगों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर, फायरिंग से बाजार में मची अफरा-तफरी का माहौल।



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद/टूंडला

एमपी रोड पर मंगलवार शाम एक पैंटीज की दुकान में घुसकर युवक के साथ मारपीट और तमंचे से फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पूर्व चेयरमैन के बेटे समेत दो लोगों ने दुकान पर बैठे युवक के साथ विवाद करते हुए मारपीट की और उसे दुकान से खींचकर बाहर निकाल दिया। इसी दौरान एक आरोपी ने तमंचे से गोली चला दी। गोली दुकान की दीवार में जा लगी। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई।

सुरमा वाली गली निवासी आशू चक ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 5, बजकर 30 मिनट पर वह अपनी पैंटीज की दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान राहुल चक पुत्र स्वर्गीय रामबहादुर चक, पूर्व चेयरमैन टूंडला, एक अन्य व्यक्ति के साथ दुकान पर पहुंचा। आरोप है कि दोनों ने उसके साथ विवाद शुरू कर दिया। इसके बाद मारपीट करते हुए उसे दुकान के अंदर से खींचकर बाहर निकाल लिया और उसके साथ मारपीट की।

पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान एक आरोपी ने तमंचा निकालकर फायरिंग कर दी। गोली दुकान की दीवार में जा लगी। अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में दहशत फैल गई। बाजार में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

आशू चक के अनुसार, घटना के बाद आरोपी उसे धमकी देते हुए मौके से चले गए। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

घटना के बाद क्षेत्र में फायरिंग को लेकर चचाओं का बाजार बना हुआ है। दुकान की दीवार में गोली लगने की बात सामने आने के बाद मामले की गंभीरता बढ़ गई है। अब पुलिस की जांच और कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

थाना प्रभारी टूंडला बैजनाथ सिंह का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो चुकी है कार्रवाई के लिए टीम निकल चुकी है।

सड़क हादसों पर लगाम की मुहिम!

छात्र-छात्राओं ने ली ट्रैफिक नियमों के पालन की शपथ

- हेलमेट और सीट बेल्ट के इस्तेमाल पर दिया जोर
- प्राचार्य ने विद्यार्थियों को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ
- संदेश दिया- समय बहुमूल्य, लेकिन जीवन अमूल्य



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फतेहाबाद।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय फतेहाबाद में मंगलवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय में अध्यनरत सभी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. चंद्रपाल ने कहा कि हमें एक अच्छा नागरिक बनकर यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। वाहन चलाते समय ट्रैफिक सिग्नल ,हेलमेट व शीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। सड़क सुरक्षा प्रभारी डॉक्टर वंदना शर्मा ने कहा कि समय बहुमूल्य है लेकिन जीवन अमूल्य है। सड़क सुरक्षा जीवन से जुड़ा विषय है ।अतः हमें छोटी-छोटी सावधानी बरतकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की कोशिश करनी चाहिए ।सड़क सुरक्षा शपथ के अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. तेजेंद्र सिंह ,डॉ.धनवंती चंचल, डॉ.अरुणा त्रिपाठी ,डॉ.वेद प्रकाश सिंह ,डॉ.प्रियंका ,डॉ.नेत्रपाल , डॉ. राजधारी यादव ,डॉ.आलोक कटरा ,डॉ विजेंद्र कुमार, डॉ.आशुतोष, सुरभि यादव , प्रवेंद्र सिंह तथा महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी भरत सिंह,किरोड़ी सुमित उपस्थित रहे।

तीन युवकों पर युवती को अगवा करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

शिकोहाबाद। थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती 13 नवंबर को दोपहर दो बजे से लापता हो गई है। स्वजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। अंदेशा व्यक्त किया है कि उनकी बेटी को तीन युवक अगवा करके ले गये हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीनों युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उसकी पुत्री 18 वर्ष है। वह 13 नवंबर को दोपहर दो बजे से अचानक लापता हो गई। उसकी सब जगह तलाश की, लेकिन कोई खबर नहीं मिली। उसने अंदेशा जताया है कि उसकी बेटी को अजीत निवासी नगला देवी पोस्ट औंछा घिरोर मैनपुरी, उसकी बुआ का लड़का नीरज निवासी नगला गंगे मैनपुरी और उसके चाचा का बेटा अभय निवासी नगला देवी औंछा मैनपुरी बहला फुसला कर ले गये हैं। उसका आरोप है कि उक्त तीनों युवक उसकी बेटी से पूर्व में छड़छाड़ कर चुके हैं।

फतेहपुर सीकरी पार्किंग में बवाल!

टैक्सी चालक से मारपीट, शर्ट फाड़ी, पर्यटकों में मची दहशत

- रसीद दिखाने के बाद भी टैक्सी चालक से विवाद का आरोप
- मारपीट में शर्ट फाड़ने और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत
- पर्यटकों के सामने हुआ हंगामा, पुलिस ने शुरू की जांच

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फतेहपुर सीकरी।

ऐतिहासिक नगरी फतेहपुर सीकरी की गुलिस्ता वाहन पार्किंग में टैक्सी चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। चालक ने पार्किंग कर्मचारियों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना के दौरान टैक्सी में पर्यटक भी सवार थे, जो कथित विवाद के चलते घबरा गए। पीड़ित ने थाना फतेहपुर सीकरी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

घाटी मामूभांजा, थाना मंटोला आगरा निवासी मोहम्मद नईम कुरैशी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह टैक्सी चलाकर परिवार का गुजारा करते हैं। 17 नवंबर 2026 को वह पर्यटकों को लेकर फतेहपुर सीकरी आए थे। उन्होंने अपनी गाड़ी गुलिस्ता वाहन पार्किंग में खड़ी की थी, जिसकी रसीद संख्या 7603 उनके पास मौजूद थी।

नईम के मुताबिक, पर्यटकों को लेकर वापस लौटते समय पार्किंग कर्मचारियों ने उनकी गाड़ी रोककर रसीद मांगी। उन्होंने रसीद दिखाई, लेकिन इसके बावजूद विवाद हो गया। आरोप है कि गाड़ी पर हाथ मारने को लेकर कहासुनी बढ़ी और पार्किंग कर्मचारियों ने उनके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान उनकी शर्ट भी फाड़ दी गई।

पीड़ित का आरोप है कि मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। पार्किंग ठेकेदार और अन्य कर्मचारियों पर गाली-गलौज करने तथा दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है।

संविधान दिवस पर लखनऊ में होगी बहुजन स्वराज संकल्प महारैली

26 नवंबर को लखनऊ पहुंचने का आह्वान, हजारों लोग होंगे शामिल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, फिरोजाबाद।



संविधान दिवस के अवसर पर आगामी 26 नवंबर को लखनऊ के माता रमाबाई आंबेडकर मैदान में आयोजित होने वाली ऐतिहासिक बहुजन स्वराज संकल्प महारैली की तैयारियों को लेकर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), भीम आर्मी एवं एआईएमआईएम के संयुक्त तत्वावधान में बैठक हुई। बैठक में जनपद से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति तैयार की गई।

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मंडल प्रभारी रंजीत पासवान, जिलाध्यक्ष प्रवीण उमराव, एआईएमआईएम के आसिफ इकबाल तथा भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन मोर्चे के बैनर तले आयोजित होने वाली महारैली बहुजन और अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों, सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा तथा समानता की लड़ाई को मजबूती प्रदान करेगी। इसके लिए सभी वर्गों को एकजुट होकर आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों से हजारों की संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक लखनऊ पहुंचेंगे। इसके लिए गांव-गांव और शहरों में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। कार्यकर्ताओं से बसों, ट्रेनों एवं निजी वाहनों के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में महारैली में पहुंचने की अपील की गई। इस दौरान फिरोजाबाद विधानसभा प्रभारी गुर्जर, टूंडला विधानसभा प्रभारी अभिषेक मौर्य सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नारी शक्ति स्वाभिमान फाउंडेशन की कार्यकारिणी का विस्तार

शिकोहाबाद। नारी शक्ति स्वाभिमान फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सोमवार को शिकोहाबाद की आवास विकास कॉलोनी स्थित मानव प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष पंकज यादव के नेतृत्व में डॉ रंजीत यादव के सहयोग से किया गया। शिविर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान नारी शक्ति स्वाभिमान फाउंडेशन की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कई महिलाओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मधु चौहान और मिली यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया।



जनपद आगमन पर यूटा प्रदेश का हुआ जोरदार स्वागत

फिरोजाबाद। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर के शहर आगमन पर संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष जया शर्मा के नेतृत्व में बाईपास रोड स्थित एक होटल में उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने उनका माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि शिक्षकों को पुरानी पेंशन दिलाने के लिए संगठन निरंतर संघर्ष कर रहा है। पुरानी पेंशन बहाली के लिए निर्णायक आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखा जाना चाहिए, ताकि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने मूल दायित्व अध्यापन कार्य का निर्वहन कर सकें। उन्होंने विद्यालयों में रिक्त पदों के सापेक्ष शिक्षकों की पदोन्नति शीघ्र किए जाने तथा प्रत्येक विद्यालय में प्रधानाध्यापक की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक और प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था होना आवश्यक है। इस अवसर पर यूटा की जिलाध्यक्ष जया शर्मा, जिला महामंत्री मुकेश राजपूत, हरीशंकर शर्मा सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षक मौजूद रहे।

पिनाहट में आग का तांडव! आग लगाने वाला बेखौफ!

- एक ही गांव में दो जगह भड़की आग, 600 करब पूरियां राख
- चारे के ढेर में आग से मची अफरा-तफरी
- 20 दिन में छह अग्निकांड, अब तक नहीं पकड़ में आया आग लगाने वाला



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, पिनाहट।

अज्ञात कारणों से एक ही गांव में दो अलग-अलग जगहों पर आग लगने से पशुओं के चारे के लिए रखे करब के पूज चलकर राख हो गये। ग्रामीणों का कहना है। कि बीस दिन में इसी गांव में 6 जगहों पर आग से पशुओं का चारा जला चुका है।

थाना पिनाहट के गांव कुकथरी में मंगलवार को दो अलग-अलग जगहों पर अज्ञात कारणों से आग लग गयी। जिसमें सुभाष शर्मा की करीब 400 करब की पूरियों में करीब 12 बजे तो इसी गांव में दूसरी जगह करीब एक बजे करीब 200 करब की पूरियां और भूसा में आग लग गयी। ग्रामीणों ने पुलिस और फायरबिग्रेड को सूचना दी। फायरब्रिगेड के पहुंचने तक दोनों जगहों पर ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। किन्तु हजारों रुपए का पशुओं का चारा जल कर राख हो गया। ग्रामीण संजीव शर्मा ने बताया कि बीस दिन में गांव में इसी तरह 6 जगहों पर आग लगने से हजारों का चारा जल चुका है। आग लगाने वाला हाथ नहीं आ रहा है।



सदर ब्लॉक में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों को वितरित किए स्वीकृति पत्र

फिरोजाबाद। सदर विकास खंड में वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों ने स्वीकृति पत्र वितरित किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि सरकार गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत 279 प्रधानमंत्री आवास तथा 272 मुख्यमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने 146 लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कहा कि पात्र परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख डॉ लक्ष्मीनारायण यादव, एडीओ पंचायत जितेंद्र यादव, ग्राम प्रधान, सचिव एवं अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी तथा आवास योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

सरपंच प्रत्याशी का समर्थन करना पड़ा भारी, युवक को रास्ते में घेरकर लाठी-डंडों से पीटा; पैर टूटा,

धौलपुर। धौलपुर के दिहौली थाना क्षेत्र के हनुमानपुरा गांव में सरपंच चुनाव की रंजिश को लेकर 40 वर्षीय युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। आरोप है कि सरपंच प्रत्याशी का समर्थन करने से नाराज अतर सिंह पक्ष के लोगों ने एक नेता के साथ मिलकर मनोज शर्मा पुत्र विजेंद्र शर्मा को रास्ते में घेर लिया और लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की। हमले में मनोज का पैर टूट गया, जिन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल मनोज ने बताया कि ग्राम पंचायत में सरपंच पद की सीट ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित थी। चुनाव के दौरान उन्होंने प्रत्याशी बुरी देवी का समर्थन किया था। इसी बात को लेकर अतर सिंह पक्ष के लोग उनसे नाराज चल रहे थे। मंगलवार सुबह बाजार से घर लौटते समय आरोपियों ने उन्हें रास्ते में घेरकर हमला कर दिया। घटना के बाद घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

पीहर से ससुराल लौटने के कुछ घंटे बाद विवाहिता की मौत



बाड़ी। बाड़ी शहर के कायस्थपाड़ा मोहल्ले में सोमवार शाम 26 वर्षीय विवाहिता सुजाता का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। विवाहिता सोमवार सुबह ही पीहर से पति के साथ ससुराल लौटी थी। शाम को उसकी मौत की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पीहर पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना और हत्या के गंभीर आरोप लगाए हैं।

आगरा के रुनकत्ता थाना क्षेत्र निवासी रूपसिंह कोली ने बताया कि उनकी बेटी सुजाता की शादी 21 अप्रैल 2026 को बाड़ी निवासी पंकज कोली के साथ हुई थी। शादी में दो लाख रुपए नकद, बाइक सहित सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के एक माह बाद से ही ससुराल पक्ष तीन लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग कर बेटी को मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशान कर रहा था। दीपावली दूज पर पीहर आने के दौरान सुजाता ने परिजनों को अपनी परेशानी बताई थी। सोमवार सुबह पति उसे वापस ससुराल लेकर आया और शाम को उसकी मौत की सूचना मिल गई।

सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई। एसआई भगवत सिंह के अनुसार, मृतका के पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच बाड़ी सीओ को सौंपी गई है।

जमीनी रंजिश में प्रदीप की हत्या का एक और आरोपी गिरफ्तार



फिरोजाबाद। एका थाना क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर उडेसर में जमीनी रंजिश को लेकर हुई प्रदीप कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवेन्द्र पुत्र गंगा सिंह निवासी ग्राम सिंहपुर थाना एका के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे मंगलवार को महाराजपुर मोड़ स्थित मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 15 नवंबर की सुबह करीब पांच बजे ग्राम सिंहपुर उडेसर निवासी प्रदीप कुमार (30) पुत्र ब्रज सिंह की जमीनी विवाद में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में देवेन्द्र पुत्र गंगा सिंह यादव सहित कुल 13 आरोपियों के खिलाफ थाना एका में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में चार पुलिस टीमों का गठन किया था। पुलिस टीम ने 16 नवंबर की रात को आरोपी देवेन्द्र को पुलिस मुठभेड़ के दौरान अवैध असलहे सहित गिरफ्तार किया था। इसके बाद अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने महाराजपुर मोड़ स्थित मंदिर के पास खड़े रवेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ हत्या के मुकदमे के अलावा मारपीट से संबंधित एक अन्य मुकदमा भी दर्ज है। उसके विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक विश्वेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अमन छोकर, राम कुमार तथा गौरव कुमार शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अन्य वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

महिला के साथ मारपीट में तीन नामजद

शिकोहाबाद। रुकनपुरा पजाया निवासी एक महिला रानी को सोमवार को दोपहर एक बजे मोहल्ले के ही युवक सानू, रुकसार, हसन गुजारा ने उसके घर आकर उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसके गंभीर चोट आई है। पीड़िता रानी का आरोप है कि उक्त लोगों ने सब्जी काटने वाला चाकू उसकी बाजू में मारा, जिससे उसके गंभीर चोट आई है। पुलिस ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नव विवाहित ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

पिनाहट। नव विवाहित ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलवार शाम करीब चार बजे थाना पिनाहट के गांव क्योरी मे नव विवाहित अमरवती पत्नी पंकज सिंह उम्र करीब बीस वर्ष ने अपने घर के कमरें में पंखे से साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार शव जमीन पर रखा मिला है। मृतका के मायके वाले भी मौके पर आ गये है। प्रभारी निरीक्षक पिनाहट वी पी गिरि ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला गृहक्लेश का प्रतीत होता है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

झा क्लासेज की ईको बैन के चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

शिकोहाबाद। झा क्लासेज की एक ईको बैन बच्चों को लेकर जसराना से शिकोहाबाद आ रही थी। तभी रास्ते में बैन अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसमें सवार लगभग छह बच्चे चुटैल हो गये, जबकि कुछ को गंभीर चोट भी आई। पुलिस ने इस मामले में छात्र के अभिभावक की तहरीर पर ईको के चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के अध्यापक नगर प्रो. कालोनी निवासी विनोद कुमार ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें कहा है कि उसका बेटा रिषभ कुमार झा क्लासेस में पढ़ता है। सोमवार को आठ बजे सुबह ईको द्वारा पढ़ने के लिए झा क्लासेस पर जा रहा था। तभी रास्ते में ईको चालक धर्मवीर द्वारा गाड़ी को लापरवाही से चलाते हुए पलट दिया, जिससे उसके पुत्र को काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर झा क्लासेज की ईको बैन के चालक धर्मवीर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट, मुकदमा दर्ज

शिकोहाबाद। थाना क्षेत्र के गांव नगला नया में एक महिला घर पर अकेली कुल्ला कर रही थी, तभी पडोसी उसके घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे उसके चोटें आई। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराकर उसकी तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। नगला नया निवासी पीड़िता गिरिजा देवी ने थाने में तहरीर दी है, जिसमें उसने कहा है कि 13 नवंबर को वह अपने घर पर सुबह सात बजे के करीब कुल्ला कर रही थी। तभी रमाकांत, सुनीता, दीक्षा निवासी नगला नया उसके घर आए और गाली गलौज करते हुए तीनों ने एक राय होकर उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसके चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नारायण कॉलेज में दिलाई गई सड़क सुरक्षा शपथ

शिकोहाबाद। नारायण कॉलेज में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के द्वितीय दिवस के अवसर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र.छात्राओं एवं शिक्षकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। सभी ने यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा सुरक्षित यातायात व्यवहार को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना रहा।

बीडीएम की छात्रा का कांस्टेबिल के पद पर हुआ चयन

शिकोहाबाद। बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज की एक छात्रा का पुलिस विभाग में कांस्टेबिल के पद पर चयन हुआ है। छात्रा के पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर चयनित होने पर महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने छात्रा के चयन होने पर खुशी व्यक्त की। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. गीता यादुवेन्दु ने बताया कि यह पल विद्यालय के लिए बड़े ही हर्ष एवं गौरव का विषय है, कि महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा शिवांगी का उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल पद पर चयन हुआ है। शिवांगी ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय देते हुए पूर्व में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के दीक्षांत समारोह में बी.ए तृतीय वर्ष में संस्कृत विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दो स्वर्ण पदक भी प्राप्त किए थे। शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने के साथ-साथ पुलिस विभाग में कांस्टेबल पद पर चयनित होना शिवांगी की मेहनत, लगन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचायक है। उसकी इस दोहरी उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो एवं समस्त शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने शिवांगी को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

चेयरमैन ने मोबाइल से स्व जनगणना कर लोगों को किया जागरूक

शिकोहाबाद। नगर पालिका अध्यक्षा ने सोमवार से प्रारंभ हुई स्व जनगणना अपने मोबाइल फोन से करके नगर की जनता को जागरूक किया। उन्होंने इस कार्य में नगर की जनता से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर सहयोग करने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्षा रानी गुप्ता ने मंगलवार को स्व जनगणना अपने मोबाइल फोन से अपने पति एवं प्रतिनिधि राजीव गुप्ता के साथ मिल कर भरी। इस दौरान कई प्रश्नों के जवाब देने के लिए पालिका के एक बाबू ने उनका पूरा सहयोग किया। इस अवसर पर रानी गुप्ता और राजीव गुप्ता ने कहा कि सभी लोग अपने मोबाइल से स्व जनगणना करें। फार्म में दिए हुए सभी प्रश्नों का सही जवाब भरें। अगर किसी जवाब में कुछ परेशानी आ रही है तो उसको नगर पालिका के बाबू से संपर्क कर पूरा करें। उन्होंने कहा कि अपने मोबाइल से स्व जनगणना करना काफी सरल है। अगर जो लोग इसमें सहयोग नहीं करेंगे, उनके लिए घर-घर बीएलओ और कर्मचारी पहुंचेंगे और स्व. जनगणना पूर्ण करायेंगे। उन्होंने सभी लोगों से इस कार्य में सहयोग करने के लिए आह्वान किया है।

तहसीलदार ने किया बूथों का निरीक्षण, मतदाता संख्या बढ़ाने पर जोर

शिकोहाबाद। नगर में मंगलवार को विधान सभा के अंतर्गत बूथों पर बीएलओ द्वारा फार्म संख्या छह, सात और आठ भरवाए गए। इस कार्य का निरीक्षण नायब तहसीलदार ने बूथों पर पहुंच कर किया। इस दौरान उन्होंने बूथों पर तैनात बीएलओ को मतदाता संख्या और जेंडर रेशियो बढ़ाने के निर्देश दिए। नगर में नायब तहसीलदार नेहा सचान द्वारा 98 शिकोहाबाद विधानसभा के अंतर्गत बूथ संख्या 355, 356, 357, 358, 359, 360 और 361 सहित कई दर्जन बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथों पर मौजूद मिले बीएलओ से फॉर्म संख्या 6, 7 व 8 आदि के बारे में जानकारी ली गई और मतदाता संख्या व जेंडर रेशियो बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया।



वकालत के पेशे में भरें उड़ान

सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाने का जज्बा सिर्फ गिने-चुने प्रोफेशन में ही है। इन्हीं में से एक 'लॉ' भी है। लॉ का महत्त्व वैसे तो हमेशा से ही रहा है, परन्तु जिस हिसाब से लोगों में अपने अधिकारों एवं कानून को लेकर जागरूकता बढ़ी है, वकालत के पेशे ने भी उड़ान भरनी शुरू कर दी है। भारत में सस्ती लॉ सुविधाओं के चलते विदेशी संस्थाएं भी भारतीय वकीलों की ओर देख रही हैं। यही वजह है कि आज वकालत का प्रोफेशन अपने बूम पर है।

भारत की लीगल एजुकेशन में हमेशा बदलाव आते रहते हैं। कई यूनिवर्सिटीज एवं नेशनल लॉ स्कूल मिल कर इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं। बार काउंसिल ऑफ इंडिया एवं यूजीसी की सहायता से इसकी गुणवत्ता को निखारा जा रहा है। यही कारण है कि देश में लीगल एजुकेशन में हालिया कुछ वर्षों में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। हालांकि किसी भी संस्थान का पाठ्यक्रम या विषय अन्य लॉ स्कूलों से अलग नहीं होते, परंतु संस्थान विशेष में पढ़ाई का तरीका उसे अपने आप में अनोखा बनाता है।

लॉ में हैं अनेक शाखाएं

लॉ के अंतर्गत आने वाले कोर्स का स्ट्रक्चर काफी फैला हुआ है। इसमें कई विषयों को शामिल किया जाता है। एक वकील अथवा जज को कई विषयों का ज्ञान रखना पड़ता है। अपनी विशेषज्ञता के हिसाब से वे अपनी फील्ड भी चुनते हैं। इसके सब्जेक्ट को लेकर रोचकता इसीलिए बनी रहती है, क्योंकि इसमें हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स तथा एनवायरमेंट जैसे विषयों में से किसी एक का चयन करना पड़ता है। कुछ शाखाएं इस प्रकार हैं-

कॉरपोरेट लॉ- वर्तमान समय में वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए कॉरपोरेट लॉ की उपयोगिता बढ़ गई है। इसके तहत कॉरपोरेट जगत में होने वाले अपराधों के लिए उपाय या कानून बताए गए हैं। कॉरपोरेट कानूनों के बन जाने से कॉरपोरेट जगत में होने वाले अपराधों को रोकने तथा कॉन्ट्रेक्ट नेगोसिएशन, फाइनेंस प्रोजेक्ट, टैक्स लाइसेंस और ज्वॉइंट स्टॉक से संबंधित काम किए जाते हैं। इसमें वकील किसी फर्म से जुड़ कर उसे कॉरपोरेट विधि के बारे में सलाह देते हैं।

पेटेंट अटॉर्नी- पेटेंट अटॉर्नी, पेटेंट लॉ का काफी प्रचलित शब्द है। इसका मतलब है कि एक ऐसा अधिकार, जिसके तहत कोई व्यक्ति अपना पूर्ण स्वामित्व रखता है। बिना उसकी मर्जी या सहमति के कोई अन्य व्यक्ति उस अधिकार का प्रयोग नहीं कर सकता। यदि वह अधिकार किसी दूसरे व्यक्ति को स्थानांतरित (आंशिक या पूर्ण रूप से) करता है तो इसके बदले उस फर्म या व्यक्ति से कॉन्टेक्ट करता है।

साइबर लॉ- हर क्षेत्र में कंप्यूटर के बढ़ते उपयोग से साइबर क्राइम का भी ग्राफ बढ़ा है। आज इस कानून का विस्तार आम आदमी के साथ-साथ लॉ फर्म, बैंकिंग, रक्षा आदि कई क्षेत्रों में हो रहा है। इस कानून के तहत साइबर क्राइम के मुद्दों और उस पर कैसे लगाम लगाई जा सकती है, इसकी जानकारी दी जाती है।

क्रिमिनल लॉ- इसे लॉ की दुनिया का सबसे प्रचलित कानून माना जाता है। इस कानून से हर छात्र का सामना पड़ता है। हालांकि इसमें भी शुरुआती चरण में कई तरह की दिक्कतों से दो-चार होना पड़ता है, परन्तु एक बार नाम हो जाने पर फिर सरपट दौड़ शुरू हो जाती है।

फैमिली लॉ- यह क्षेत्र महिलाओं का पसंदीदा क्षेत्र है। इसके अंतर्गत पर्सनल लॉ, शादी, तलाक, गोद लेने, गार्जियनशिप एवं अन्य सभी पारिवारिक मामलों को शामिल किया जा सकता है। लगभग सभी जिलों में फैमिली कोर्ट की स्थापना की जाती है, ताकि पारिवारिक मामलों को उसी स्तर तक सुलझाया जा सके।

बैंकिंग लॉ- जिस तरह से देश की विकास दर में वृद्धि हो रही है, ठीक वैसे ही बैंकिंग क्षेत्र का दायरा भी बढ़ रहा है। इसमें खासतौर पर लोन, लोन रिकवरी, बैंकिंग एक्सपर्ट आदि से संबंधित कार्यों का निपटारा होता है।

टैक्स लॉ- इस शाखा के अंतर्गत सभी प्रकार के टैक्स जैसे इनकम टैक्स, सर्विस टैक्स, सेल टैक्स से जुड़े मामलों को वकीलों की सहायता से निपटाया जाता है।

कब कर सकते हैं कोर्स

इसमें प्रवेश की पहली सीढ़ी 10+2 के बाद ही मिल जाती है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) द्वारा प्रायोजित पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड एलएलबी कोर्स में छात्रों को बुनियादी चीजों को लेकर स्पेशलाइजेशन तक की जानकारी दी जाती है, जबकि ग्रेजुएशन के पश्चात एलएलबी (तीन वर्षीय, पार्टटाइम/फुलटाइम) तथा उसके बाद एलएलएम (2 वर्षीय) में दाखिला आसान हो जाता है। बीए एलएलबी में छात्र को किसी स्पेशलाइज्ड फील्ड जैसे कॉरपोरेट लॉ, पेटेंट लॉ, क्रिमिनल लॉ, साइबर लॉ, फैमिली लॉ, बैंकिंग लॉ, टैक्स लॉ, इंटरनेशनल लॉ, लेबर लॉ, रीयल एस्टेट लॉ आदि में विशेषता हासिल करनी होती है। कोर्स के प्रश्चात छात्र को एक से दो वर्ष तक इंटर्नशिप या किसी वरिष्ठ अधिवक्ता के सहायक के रूप में काम करना पड़ता है। उसके बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया या अन्य किसी संस्था में रजिस्ट्रेशन कराया जाता है।

आवश्यक स्किल्स

इस प्रोफेशन की सबसे खास बात यह है कि इसमें छात्र जीवन से ही जुझारू प्रवृत्ति अपनानी पड़ती है। किताबों एवं घटनाओं से निरंतर जुड़े रहना किसी भी प्रोफेशनल को आगे ले जाता है। रिसर्च एवं एनालिसिस के आधार पर ही किसी विषय पर कमांड हासिल हो सकती है, इसलिए मेहनत करने से भागे नहीं। एक एडवोकेट के रूप में आपको मृदुभाषी, वाकपटु, मेहनती तथा लीडर जैसे गुण भी अपनाने पड़ते हैं। महज परीक्षा पास करने से ही एक अच्छा वकील नहीं बना जा सकता, बल्कि तार्किक, धैर्यवान, एकाग्रता, बहस करने की क्षमता, आत्मविश्वास तथा पिछले केसों के बारे में अच्छी जानकारी रखने वाला भी होना चाहिए। आपके पास एक अच्छी लाइब्रेरी तथा किताबों का संग्रह भी आवश्यक है।

कैसे लें लॉ कॉलेज की जानकारी

जहां एक ओर नामी लॉ कॉलेजों की भरमार है, वहीं फर्जी संस्थानों की भी कमी नहीं है। ऐसे फर्जी संस्थान विज्ञापन के माध्यम से अपने संस्थान का 100 प्रतिशत प्लेसमेंट दर्शाते हैं, इसलिए एडमिशन से पूर्व उस संस्थान की सत्यता की जांच-परख अवश्य कर लें। कोई भी इच्छुक छात्र, जो लॉ में अपना करियर बनाना चाहता है या वह संस्थान के बारे में जानकारी हासिल करना चाहता है तो 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया' उसकी मददगार साबित हो सकती है। यह संस्थान कानूनी शिक्षा एवं व्यवसाय के साथ-साथ कानूनों में सुधार लाने के लिए अपने परामर्श भी देता है।

फैशन के क्षेत्र में अपना परचम लहराने के लिए प्रोफेशनल्स का कौशल, ज्ञान व प्रदर्शन ही उन्हें दूसरों से अलग करता है। सिर्फ चंद किताबें रट कर फैशन अथवा उसकी बिक्री करने की कला नहीं सीखी जा सकती। मौजूदा बाजार माहौल के कारण अब पहले की अपेक्षा कहीं अधिक जरूरी हो गया है कि आप अपने कार्य कौशलों को बढ़ा कर फैशन इंडस्ट्री में अपनी रचनात्मकता को आजमाएं।



अपनी रचनात्मकता को आजमाएं

एक अध्ययन के मुताबिक भारत की फैशन इंडस्ट्री इस समय 200 करोड़ का आंकड़ा छू रही है तथा बड़े डिजाइनरों की सालाना बिक्री लगभग 25 करोड़ रुपए है, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह बाजार 35 बिलियन डॉलर के करीब है। यह इंडस्ट्री आने वाले सात वर्षों में भारतीय बाजार में ढाई हजार करोड़ तक पहुंचने का रिकॉर्ड बना सकती है। फैशन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने फैशन एंड डिजाइन प्रमोशन काउंसिल (एफडीपीसी) का गठन किया है। इस काउंसिल ने उभरते फैशन डिजाइनरों तथा स्कूल-कॉलेजों से पास हुए छात्रों के लिए 25 फीसदी आरक्षण का प्रावधान भी किया है। भारत में फैशन उद्योग लगातार विकसित हो रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय फैशन के क्षेत्र में एक बड़ा उद्योग बन चुका है। इंडिया फैशन वीक और भारत के प्रमुख शहरों में फैशन डिजाइनरों द्वारा वार्षिक शो जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से साफ हो गया है कि मिस वर्ल्ड, मिस यूनिवर्स व अन्य प्रतियोगिताओं में भारतीय सुंदरियां किसी से कम नहीं हैं।

कोर्स की रूपरेखा

महज बोर्ड पर किसी डिजाइन की स्केचिंग ही महत्त्वपूर्ण नहीं है, बल्कि छात्रों को इस इंडस्ट्री के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में विशेषज्ञता हासिल करनी होती है। यह एक प्रोफेशनल कोर्स है, जिसके अंतर्गत गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी, टेक्सटाइल साइंस, अपैरल कंस्ट्रक्शन मेथड, फैब्रिक डाइंग एवं प्रिंटिंग, कलर मिक्सिंग एवं... ...कम्प्यूटर एडेड डिजाइन (सीएडी) आदि क्षेत्रों में से किसी एक का चयन करना होता है। फैशन डिजाइनिंग में कई सारे कोर्स जैसे एक्सेसरीज एवं ज्वैलरी डिजाइनिंग, मॉडलिंग, गारमेंट डिजाइनिंग, लेदर डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग, टैक्सटाइल डिजाइनिंग, फुटवेयर डिजाइनिंग आदि को शामिल किया जाता है। इसके अलावा भी कई महत्त्वपूर्ण कोर्स इस इंडस्ट्री के लिए कारगर होते हैं, जैसे कि एमए, पीजी, बीए, अंडरग्रेजुएट डिप्लोमा, शॉर्ट टर्म लेवल आदि कोर्स।

फैशन जगत की शाखाएं

बात यदि फैशन इंडस्ट्री की शाखाओं की हो तो इसमें कई विकल्प निखर कर सामने आते हैं। छात्रों की अपनी रुचि के अनुसार क्षेत्रों का चयन करना होता है। कुछ शाखाएं नीचे दी गई हैं-

फैशन कम्युनिकेशन

जब भारी संख्या में घरेलू और विदेशी ब्रांड, कंपनियां और डिजाइनर भारतीय बाजार पर धावा बोल रहे हों तो इन सबके लिए अपनी विशिष्ट ब्रांड पहचान विकसित करना और बिक्री के लिए अधिकतम मात्र में उपलब्ध रहना अनिवार्य हो जाता है। यह बड़ा काम फैशन कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स आसान कर देते हैं।

फैशन स्टाइलिंग

भारत में फैशन स्टाइलिंग भले ही एक नया कॉन्सेप्ट हो, लेकिन यह तेजी से आकर्षक करियर में तब्दील हो रहा है। सफल स्टाइलिस्ट बनने के लिए फैशन के हर पहलुओं पर नजर, टीम में काम करने की क्षमता होनी जरूरी है। इसके कोर्स में मेकअप, हेयर स्टाइलिंग, फोटोग्राफी, कम्प्यूटर एवं आईटी एप्लीकेशंस की जानकारी विकसित करने के लिए टूल्स, टेक्नीक्स और स्किल्स सिखाये जाते हैं।

फैशन फोटोग्राफी

फैशन जर्नलिस्ट का दूसरा काम फोटोग्राफी से संबंधित होता है। अभिलाषा और कल्पना की उड़ान के धागों से बने कपड़ों की तस्वीरों को जर्नलिस्ट अपने पाठकों के लिए कुछ इस प्रकार से मढ़ता है कि पाठक उससे खुद को आसानी से जोड़ सकें।

फैशन जर्नलिज्म

योग्य और प्रतिभाशाली युवाओं के लिए फैशन जर्नलिज्म में रोजगार के लिए बेहतरीन ऑप्शंस हैं, क्योंकि फैशन इंडस्ट्री में एक्सक्लूसिव राइटिंग और टीवी प्रोग्राम बनाने के लिए बहुत अवसर हैं। फैशन जर्नलिस्ट फुलटाइम या फीलांस के रूप में काम करते हैं।

डिजाइन डिपार्टमेंट

आमतौर पर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स का काम बड़े स्तर पर होता है। इस यूनिट में डिजाइनर, कटिंग असिस्टेंट, स्केचिंग असिस्टेंट, जूनियर डिजाइनर आदि काम करते हैं। स्केचिंग असिस्टेंट जहां गारमेंट का टेक्निकल स्केच तैयार करता है, वहीं जूनियर डिजाइनर कटिंग का प्रारम्भिक कार्य तथा पहला सैंपल तैयार करता है।

मार्केटिंग एवं मर्केन्डाइजिंग

फैशन का ट्रैंड नित्य बदल रहा है। इस लिहाज से जिस व्यक्ति के पास मार्केटिंग एवं मर्केन्डाइजिंग की अच्छी समझ होगी, वह इस डिपार्टमेंट के योग्य हो सकता है। यह काम मुख्यत- मार्केटिंग डिपार्टमेंट प्लान पर आधारित सूचनाओं एवं कंपनी के पूरे दिशा-निर्देश पर आधारित होता है।

मैन्युफैक्चरिंग डिपार्टमेंट

मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स का हेड प्रोडक्शन मैनेजर होता है। वह कार्य की समय-सारिणी, लक्ष्यों, वर्कर्स की ट्रेनिंग के अलावा प्रोडक्शन की क्वालिटी बनाये रखने संबंधी सभी गतिविधियों के प्रति उत्तरदायी होता है। प्रोडक्शन मैनेजर हर चरण के कार्यों की निगरानी प्रोडक्शन असिस्टेंट की मार्फत कर सकता है।

फैशन को-ऑर्डिनेटर

इनका कार्य ग्राहक और प्रोडक्शन मैनेजर के बीच तालमेल बिठाना होता है। इनका प्रमुख कार्य फैब्रिक का सही शेड, क्वालिटी, डिजाइन संबंधी परख, फैशन ट्रैन्ड के बारे में एडवांस जानकारी, खरीदारों के साथ मीटिंग व कपड़ों के डिजाइन व कलर तय करना आदि होता है।

मार्केट रिसर्च

ग्लोबल मार्केट समय के साथ बदलता रहता है। इसमें यह ध्यान रखना होता है कि बाजार की नजर क्या है तथा किस ट्रैंड को पसंद किया जा रहा है। प्रोडक्शन की प्रक्रिया डिजाइनरों द्वारा मार्केट रिसर्च के बाद ही शुरू की जाती है।

क्रिएटिविटी

ऊंची डिग्री न हो तो भी कोई दिक्कत नहीं होती, क्योंकि इस क्षेत्र में जो चीज सबसे जरूरी होती है, वह है क्रिएटिविटी, रंगों की पहचान, शेड्स एवं टेक्स्चर आदि। सामान्यत- 10+2 (किसी भी स्ट्रीम में) उत्तीर्ण छात्र इससे संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिला पा सकते हैं। कुछ संस्थानों ने बारहवीं में 45 प्रतिशत का क्राइटेरिया तय कर रखा है तो कहीं-कहीं एंट्रेंस टैस्ट के आधार पर प्रवेश मिलता है। फैशन के क्षेत्र में खुद को स्थापित करने के लिए फैशन की आधारभूत जानकारी, क्रिएटिविटी, क्लाइंट्स की जरूरतों, बाजार की मांग आदि की समझ आवश्यक है। ऐसे में एक फैशन डिजाइनर में अपने आइडिया को स्केच करने, टैक्सटाइल के प्रभावी उपयोग तथा विजुअलाइज संबंधी गुणों का होना जरूरी है।



90 सेकंड में तय हो जाता है इंटरव्यू का रिजल्ट

जॉब इंटरव्यू कोई औपचारिकता नहीं है बल्कि यह तो कैंडिडेट की किसी पोस्ट को लेकर टेक्निकल, पर्सनल, सोशल स्किल्स को परखने का माध्यम है। हाल ही में हुए दो हजार हाइरिंग मैनेजर से लिए गए सर्वे में 33 प्रतिशत ने दावा किया है कि वे 90 सेकंड्स में पता कर लेते हैं कि वे कैंडिडेट्स को हायर करेंगे या नहीं। इंटरव्यू में कई आम गलतियां होती है जिसमें से एक है हद से ज्यादा इस बारे में बात करना कि पिछली जॉब क्यों छोड़ी। हास्य, गर्मजोशी या व्यक्तित्व की कमी भी इंटरव्यू में असफलता का कारण बनती है। इसके अलावा जॉब को लेकर पर्याप्त रुचि या उत्साह नहीं दिखाना, इस पर ज्यादा ध्यान देना कि आप क्या चाहते हैं जैसी गलतियां भी आमतौर पर लोग करते हैं। 55 प्रतिशत हायरिंग मैनेजर्स का कहना है कि कैंडिडेट के दरवाजे से अंदर चलकर आने, ड्रेसअप से पहला इम्प्रेशन पड़ता है। वहीं 38 प्रतिशत का मानना है कि वॉइस की क्वॉलिटी, ग्रामर और कॉन्फिडेंस पहले इम्प्रेशन का पैमाना है। 7 प्रतिशत ने कहा कि बोलने के लिए जिन शब्दों का उपयोग करते हैं, उससे कैंडिडेट पहली छाप छोड़ता है। 70 प्रतिशत एम्प्लॉयर्स का दावा है कि वे ऐसे कैंडिडेट्स नहीं चाहते जो हद से ज्यादा फैशनेबल या ट्रेंडी हो। 65 प्रतिशत हायरिंग मैनेजर्स का कहना है कि एक जैसे दो कैंडिडेट्स के बीच में कपड़े एक डिसाइडिंग फैक्टर है। इंटरव्यू के दौरान आम नॉन-वर्बल मिस्टेक्स

- 67 प्रतिशत लोग आई कॉन्टेक्ट बनाने में असफल हो जाते है।
- 47 प्रतिशत लोगों को कंपनी के बारे में कम जानकारी होती है।
- 38 प्रतिशत लोग स्माइल नहीं करते।
- 33 प्रतिशत लोग सही पोश्चर बनाए रखने में असफल होते हैं।
- 26 प्रतिशत लोग ढीले तरीके से हैंडशेक करते है।
- 21 प्रतिशत लोग अपने बाल या चेहरे को छूते रहते हैं।
- 21 प्रतिशत लोग अपने अपने हाथ की घड़ी करके रखते है।
- 9 प्रतिशत लोग अपने हैंड गेश्चर्स का बहुत ज्यादा उपयोग करते हैं।



बनें सभ्यता और संस्कृति के जानकार

अगर आप इतिहास में बेहद रूचि रखते हैं तो इस क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं हैं।

स्कूल में आपने इतिहास पढ़ा होगा लेकिन आपने कभी-भी यह नहीं सोचा होगा कि इस विषय में भी करियर बन सकता है। कुछ लोगों को जहां यह विषय बोरिंग लगता है, वहीं ऐसे भी लोग हैं जो इस विषय में ज्यादा रूचि लेते हैं और देश की सभ्यता और संस्कृति के बारे में जानने के इच्छुक होते हैं। अगर आप भी इस विषय में रूचि रखते हैं तो यह भी जान लें कि इस विषय के माध्यम से करियर बन सकता है। यह आपको अलग-अलग काल के राजनैतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक ढांचे के बारे में जानकारी देता है।

इतिहास में पोस्ट ग्रेजुएशन स्तर पर आप स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं और एक बेहतरीन करियर बना सकते हैं। इस विषय में तीन स्पेशलाइजेशन होते है जिसमें आर्कियोलॉजी, आर्काइवल और म्यूजियोलॉजी शामिल है। आर्कियोलॉजी में ऐतिहासिक वस्तुओं जैसे सिक्के, मूर्तियां, लिपी, हथियार आदि की विशेषज्ञता हासिल की जाती है। इस क्षेत्र में रिसर्च के साथ फील्ड वर्क किया जाता है। आप सरकार के पुरात्व विभाव में काम कर सकते हैं जिसके अंतर्गत 3600 ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण आता है। इसके अलावा हैरिटेज



ऑर्गनाइजेशन और रिसर्च संस्थानों में भी काम किया जा सकता है। संरक्षण का काम आर्किविस्ट करते हैं। इतिहास में रूचि रखने वालों के लिए यह एक अच्छा करियर विकल्प है। इसका मुख्य काम ऐतिहासिक डॉक्यूमेंट्स, रिसर्च वर्क आदि का बेहतर तरीके से संरक्षण करना है। वहीं म्युजियोलॉजिस्ट देश के म्यूजियमों में अपनी सेवाएं देते है। उन्हें सभी कार्य का रिकॉर्ड उसकी उम्र, काल आदि के आधार पर रखना होता है। इतना ही नहीं, इतिहासकार के रूप में आप इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टॉरिकल रिसर्च और इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंसेज रिसर्च से भी जुड़ सकते हैं। यहीं नहीं इतिहास सिविल सर्विसेज के एग्जाम में एक महत्वपूर्ण विषय माना जाता है। यानी अगर आप इतिहास में बेहद रूचि रखते हैं तो इस क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं हैं।

‘पल दो पल का शायर हूं’

'फैंस ने मुझे गलत साबित कर दिया': आईपीएल से संन्यास के बाद धोनी की पहली पोस्ट, मुकेश के गाने से किया भावुक

एजेंसी, नई दिल्ली।

महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल से संन्यास का एलान कर दिया है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से आईपीएल 2027 के लिए रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की सूची जारी किए जाने के बाद यह खबर सामने आई। धोनी ने फ्रेंचाइजी को चुपचाप अपने फैसले की जानकारी दी थी और उनसे अपना नाम रिलीज किए जाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल करने को कहा था। अब आईपीएल से संन्यास के बाद धोनी की पहली सोशल मीडिया पोस्ट भी सामने आ गई है, जिसने फैंस को एक बार फिर भावुक कर दिया है।

धोनी ने अपनी इस पोस्ट में मशहूर गायक मुकेश के सदाबहार गाने 'पल दो पल का शायर हूं' का इस्तेमाल किया है। इसके साथ उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अपने खेल के दिनों की तस्वीरों का एक खास कोलाज भी साझा किया। उनकी इस पोस्ट में पुराने दिनों की यादों के साथ एक खास संदेश भी छिपा हुआ है।

धोनी ने पोस्ट में क्या लिखा?

आईपीएल से संन्यास के बाद अपनी पहली पोस्ट में एमएस धोनी ने लिखा, "फैंस ने मुझे गलत साबित कर दिया। इसे स्वीकार करने के लिए इससे बेहतर कोई गाना नहीं हो सकता था। शायद इसके दो वर्जन बनाए गए थे, ताकि मैं गलती कर सकूं और फिर उसे स्वीकार कर सकूं।"

धोनी का यह संदेश उनके पुराने अंतरराष्ट्रीय संन्यास वाले पोस्ट की याद दिलाता है। दरअसल, जब उन्होंने 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था, तब भी उन्होंने मुकेश के इसी गाने 'पल दो पल का शायर हूं' का इस्तेमाल किया था। उस समय भी उन्होंने अपने क्रिकेट करियर की तस्वीरों के साथ यह गाना साझा किया था।



19 साल का आईपीएल करियर हुआ समाप्त

महेंद्र सिंह धोनी का आईपीएल करियर करीब 19 साल तक चला। 45 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज ने इस दौरान कुल 278 मुकाबले खेले और 38.30 की औसत से 5,439 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 137.45 का रहा। इस दौरान धोनी के बल्ले से 24 अर्धशतक निकले, जबकि उन्होंने 264 छक्के भी लगाए। धोनी ने अपने आईपीएल करियर का ज्यादातर हिस्सा चेन्नई सुपर किंग्स के साथ बिताया। हालांकि, चेन्नई पर दो साल का प्रतिबंध लगने के कारण वह 2016 और 2017 में राइजिंग पुणे सुपरजायंट की ओर से खेले थे। इसके बाद 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स की वापसी हुई और धोनी ने अपनी कप्तानी में टीम को उसी साल आईपीएल चैंपियन बना दिया।

सीएसके के मेंटॉर की भूमिका में नजर आएंगे धोनी

चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2027 के लिए जारी अपनी रिटेंशन लिस्ट में एमएस धोनी का नाम शामिल नहीं किया है। फ्रेंचाइजी की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उन्हें टीम के मेंटॉर के तौर पर सूचीबद्ध किया गया है। सीएसके की मालिक रूपा गुरुनाथ ने बताया कि धोनी ने खुद फ्रेंचाइजी को अपने फैसले की जानकारी दी थी और उन्हें रिलीज करने के लिए कहा था। इस तरह धोनी का बतौर खिलाड़ी 19 साल का आईपीएल सफर समाप्त हो गया है। हालांकि, वह अब मेंटॉर की भूमिका में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ जुड़े रहेंगे।

पिछले कुछ सीजन में चोट और खराब फॉर्म से जूझी सीएसके

पिछले कुछ सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। फ्रेंचाइजी इस दौरान अपनी टीम को नए सिरे से तैयार करने की प्रक्रिया में जुटी हुई थी। धोनी ने आखिरी बार आईपीएल 2025 में चेन्नई के लिए मैदान पर कदम रखा था। इसके बाद घुटने की चोट के कारण वह आईपीएल 2026 के पूरे सीजन में नहीं खेल सके। अब आईपीएल 2027 से पहले धोनी के संन्यास के फैसले के साथ ही उनके शानदार खिलाड़ी करियर का अंत हो गया है। क्रिकेट फैंस के लिए यह एक भावुक पल है, क्योंकि जिस खिलाड़ी ने चेन्नई सुपर किंग्स को कई यादगार सफलताएं दिलाईं, वह अब मैदान पर पीली जर्सी में खेलते हुए नजर नहीं आएगा।

शारजाह टेस्ट: जिम्बाब्वे ने किया बड़ा उलटफेर, अफगानिस्तान को दूसरे मैच में 57 रन से हराकर 1-0 से जीती सीरीज



एजेंसी, शारजहा।

जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 57 रन से जीत दर्ज की है। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस निर्णायक मुकाबले को जीतने के साथ ही जिम्बाब्वे ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। इस मुकाबले के हीरो डेब्यूटेंट नसीर खान मारूफखिल रहे, जिन्होंने गेंदबाजी में सात विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में शानदार शतक भी जड़ा। हालांकि, उनका यह बेहतरीन प्रदर्शन अफगानिस्तान को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं रहा। इससे पहले अफगानिस्तान ने टी20 सीरीज में जिम्बाब्वे का 3-0 से सूपड़ा साफ किया था। वहीं, टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला ड्रॉ रहा था। ऐसे में दूसरा टेस्ट दोनों टीमों के लिए निर्णायक बन गया था, जिसमें जिम्बाब्वे ने बाजी मारते हुए सीरीज पर कब्जा कर लिया।

पहली पारी में जिम्बाब्वे ने बनाए 339 रन

शारजाह में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम ने अपनी पहली पारी में 339 रन बनाए। टीम की शुरूआत अच्छी रही। इनोसेंट काइया और बेन करेन ने पहले विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की। काइया ने 96 रन की शानदार पारी खेली, जबकि बेन करेन ने 44 रन बनाए। इसके बाद काइया ने ब्रेंडन टेलर के साथ भी अहम साझेदारी की। टेलर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 119 रन बनाए।

वहीं, ब्रैड इवांस 32 रन बनाकर नाबाद लौटे। अफगानिस्तान की ओर से डेब्यू कर रहे नसीर खान मारूफखिल ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 44 ओवर में 151 रन देकर सात विकेट अपने नाम किए। जियाउर रहमान शरीफी को दो विकेट मिले।

217 रन पर सिमटी अफगानिस्तान की पहली पारी

जिम्बाब्वे के 339 रन के जवाब में अफगानिस्तान की पहली पारी 217 रन पर समाप्त हो गई। टीम की ओर से अफसर जजई ने सबसे ज्यादा 63 रन बनाए। रहमानुल्लाह गुरबाज ने 34 और कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने 30 रन का योगदान दिया। नसीर खान मारूफखिल ने भी 20 रन बनाए। जिम्बाब्वे की तरफ से विन्सेंट मासेकेसा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। ब्लेसिंग मुजरबानी को तीन, ग्रीम क्रेमर को दो और ब्रैड इवांस को एक विकेट मिला। इस तरह जिम्बाब्वे को पहली पारी में 122 रन की अहम बढ़त हासिल हुई।

दूसरी पारी में जिम्बाब्वे ने 295 रन बनाकर घोषित की पारी

पहली पारी में बढ़त हासिल करने के बाद जिम्बाब्वे ने दूसरी पारी में नौ विकेट के नुकसान पर 295 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। इस दौरान ब्रैंडन टेलर ने 50 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान ब्रायन बेनेट ने 28 रन बनाए। पारी के अंतिम ओवरों में ब्लेसिंग मुजरबानी ने 59 रन बनाकर अहम योगदान दिया। वहीं, ग्रीम क्रेमर 50 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने नौवें विकेट के लिए 90 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। अफगानिस्तान की ओर से मोहम्मद सलीम सैफी ने सर्वाधिक तीन विकेट हासिल किए। यामीन अहमदजई, नसीर खान और जियाउर रहमान शरीफी को 2-2 विकेट मिले।

नसीर खान के शतक के बावजूद हार गया अफगानिस्तान

जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान के सामने जीत के लिए 418 रन का विशाल लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने 106 रन के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद इकराम अलीखिल और अफसर जजई ने छठे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी कर टीम को संभालने की कोशिश की। इकराम 26 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन इसके बाद डेब्यूटेंट नसीर खान मारूफखिल ने मोर्चा संभाल लिया। नसीर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 242 गेंदों में 10 चौकों की मदद से नाबाद 101 रन बनाए। यह उनके टेस्ट करियर का यादगार शतक रहा। हालांकि, दूसरे छोर से उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिला और पूरी अफगानिस्तानी टीम 360 रन पर सिमट गई। इस तरह जिम्बाब्वे ने मुकाबला 57 रन से जीत लिया। जिम्बाब्वे की इस जीत में ब्लेसिंग मुजरबानी ने भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने मुकाबले की दोनों पारियों में 3-3 विकेट हासिल किए। इसके अलावा बल्ले से भी 68 रन का योगदान दिया।

जी जी रे जी: जारी हुआ 'ईठा' का पहला गाना, पारंपरिक परिधान में लावणी करती दिखीं श्रद्धा कपूर



अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म 'ईठा' को लेकर चर्चा में हैं। इससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म का पहला गाना 'जी जी रे जी' रिलीज किया है। गाने में श्रद्धा कपूर शानदार डांस करते हुए नजर आ रही हैं। यह गाना एक महान कलाकार की कहानी को आकार देने वाले डांस की झलक पेश करता है।

कौन है गाने का लेखक?

'जी जी रे जी' गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं।
श्रेया घोषाल ने इसे अपनी मखमली आवाज दी है। इसका म्यूजिक अजय-अतुल ने दिया है। उन्होंने ही इसे कंपोज किया है।
मैडॉक फिल्म्स और कठपुतली क्रिएशन्स की तरफ से प्रस्तुत इस गाने में श्रद्धा 'ईठा' के किरदार में नजर आती हैं।
इसमें वह पारंपरिक नौवारी साड़ी, गहनों और घुंघरुओं के साथ लावणी करती दिख रही हैं।

गाने पर क्या बोले अजय-अतुल?

गाने के बारे में बात करते हुए अजय-अतुल ने कहा कि फिल्म में संगीत का काम सिर्फ कहानी के साथ चलना नहीं था, बल्कि इसने फिल्म के किरदारों और कहानी को स्थापित करने में एक अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने आगे बताया कि वे 'जी जी रे जी' गाने के जरिए, लावनी की पारंपरिक भावना को बनाए रखते हुए, एक दमदार रचना के माध्यम से किरदार की ताकत को दिखाना चाहते थे।

श्रेया घोषाल

घोषाल ने कहा, 'कुछ गाने ऐसे होते हैं जिन्हें आप सिर्फ गाते हैं, जबकि कुछ ऐसे होते हैं जिन्हें आप कुछ पलों के लिए जीते हैं। 'जी जी रे जी' दूसरे तरह का गाना है। अजय-अतुल ने एक ऐसी रचना तैयार की है जिसमें लावणी का जोश, चतुराई और शालीनता कूट-कूट कर भरी है। मैं चाहती थी कि मेरी आवाज में भी वह सब झलके।'

कब रिलीज होगी फिल्म?

लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी 'ईठा' को दिनेश विजान, लक्ष्मण उतेकर और करिश्मा शर्मा ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 4 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

'इंडियन आइडल' के मंच पर भावुक हुईं उर्मिला मतोंडकर


अभिनेत्री उर्मिला मतोंडकर हाल ही में सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न' में गेस्ट के तौर पर शिरकत की। शो में उन्होंने संगीत की विरासत और इंडियन म्यूजिक इंडस्ट्री को आकार देने वाले कलाकारों की सराहना की। शो में उर्मिला ने हिंदी सिनेमा से अपने पर्सनल कनेक्शन के बारे में बात की और बताया कि कैसे म्यूजिक पर्दे पर इमोशन्स और कहानियों को जिंदा करने में अहम भूमिका निभाता है। उर्मिला ने कहा, ₹इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न का हिस्सा बनना मेरे लिए काफी पर्सनल रहा है। हिंदी सिनेमा के जादू को करीब से देखने के बाद मैं जानती हूं कि म्यूजिक किसी फिल्म को कितनी गहराई से बदल सकता है, किसी पल को खास बना सकता है और कहानी खत्म होने के बाद भी लोगों के दिलों में बस सकता है।₹
अभिनेत्री ने गानों की महत्ता पर बात करते हुए कहा, ‘‘कई बार कोई विजुल्स वो बात नहीं कह पाते हैं, जो आवाज कह जाती है। जैसे, किसी सीन में दुख, प्यार या खुशी दिखाया जा रहा हो लेकिन जब उस पर एक अच्छा गाना बजता है, तो वो फीलिंग सीधे दिल तक पहुंच जाती है। इसीलिए म्यूजिक हमारी फिल्मों का इतना जरूरी हिस्सा है और जब हम उन पुराने गायकों को फिर से स्टेज पर लौटते देखते हैं, तो अपनी पुरानी यादें ताजा करते हैं।’’
उन्होंने कहा, ‘‘पुराने गायकों की



आवाजें दर्शकों की यादों का हिस्सा रही हैं और उन्हें फिर से एक साथ देखना ऐसा लगा जैसे टैलेंट, म्यूजिक और इंडियन आइडल फैमिली का एक खूबसूरत रीयूनियन देख रही हूं।’’
सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न' शनिवार और रविवार को रात 8:00 बजे प्रसारित होता है। इसमें जाने-माने गायक और संगीतकार हिमेश रेशमिया मुख्य जज के रूप में नजर आ रहे हैं और शो को आदित्य नारायण होस्ट कर रहे हैं। इसमें हिमेश रेशमिया के साथ इंडियन आइडल के 24 पुराने और जाने-माने कंटेस्टेंट्स (महारथी सिंगर्स) ने हिस्सा लिया। इनमें अभिजीत सावंत, अमित सना, सलमान अली, सायली कांबले, ऋषि सिंह, पवनदीप राजन और सलमान अली जैसे लोकप्रिय चेहरे शामिल हैं। इन कंटेस्टेंट्स ने आपस में जोड़ियां बनाकर डिएट्स प्रस्तुत किए, जिनका मूल्यांकन आपसी (पीयर स्कोर) और एक गुप्त जज के स्कोर के आधार पर हुआ।

साउथ एक्टर्स को हिंदी एक्सेंट के लिए ट्रोल करना 'बिल्कुल सही नहीं' है: अपेक्षा पोरवाल

'जेलर 2' की एक्ट्रेस अपेक्षा पोरवाल ने कहा कि साउथ इंडियन एक्टर्स को उनके हिंदी एक्सेंट के लिए ट्रोल किया जाना 'बिल्कुल सही नहीं' है। आईएएनएस के साथ खास बातचीत में अपेक्षा ने बताया कि मजाक उड़ाने के बजाय एक्टर की मेहनत पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग एक्टर्स को ट्रोल कर रहे हैं, अगर उनसे कहा जाए तो शायद वे खुद भी कोई दूसरी भाषा नहीं बोल पाएंगे। अपेक्षा से पूछा गया, ‘‘आजकल, साउथ इंडियन एक्टर्स को अक्सर सोशल मीडिया पर उनके हिंदी एक्सेंट और बोलने के तरीके के लिए ट्रोल किया जाता है। आप इस ट्रेंड को कैसे देखती हैं? क्या उन आर्टिस्ट्स का मजाक उड़ाना सही है, जो दूसरी भाषा में बात करने की कोशिश कर रहे हैं?’’
यह समझाते हुए कि जिस भाषा को आप अच्छी तरह नहीं जानते, उसमें काम करना कितना मुश्किल है, उन्होंने आईएएनएस को बताया, ‘‘हमें यह समझना चाहिए कि जब कोई किसी खास भाषा में कम्फर्टेबल नहीं होता, लेकिन फिर भी उसे सीखने और बोलने की कोशिश कर रहा होता है, तो हमें उस कोशिश की तारीफ करनी चाहिए, न कि उस पर हंसना या उसे ट्रोल करना चाहिए।’’
उन्होंने कहा, ‘‘मुझे यकीन है कि अगर इन्हीं ट्रोल्स से दूसरी भाषा बोलने के लिए कहा जाए, तो शायद वे खुद ऐसा नहीं कर पाएंगे। जब कोई कड़ी मेहनत कर रहा हो और कोशिश कर रहा हो, तो उसकी तारीफ होनी चाहिए, बुराई नहीं।’’
एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को हाल ही में अपने हिंदी एक्सेंट के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था। चैट शो 'कॉफी विद करण' के सीजन 9 में आने के दौरान 'एनिमल' फेम एक्ट्रेस ने बताया कि अपने पूरे करियर में उन्हें अपने एक्सेंट को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ा है। हालांकि, रश्मिका ने कहा कि उन्होंने कभी भी आलोचना को अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्री और भाषाओं में काम करने से रोकने नहीं दिया।
रश्मिका ने बताया कि साउथ इंडिया से होने की वजह से उनका एक्सेंट नेचुरली आता है। एक्ट्रेस ने आगे जोर देकर कहा कि वह खुद को एक इंडस्ट्री तक लिमिट करने के बजाय कई भाषाओं में काम करना चाहती हैं।



अनन्या पांडे की 'कॉल मी बे' सीजन 2 की डेट आई सामने



मशहूर निर्देशक करण जौहर आगामी वेब सीरीज 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन की वापसी के लिए तैयार हैं। मंगलवार को मेकर्स ने सोशल मीडिया पर सीरीज की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। मेकर्स ने अपने इंस्टाग्राम पर सीरीज की मुख्य अभिनेत्री अनन्या पांडे का वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह बेला (बे) के किरदार में नजर आ रही हैं। वीडियो पोस्ट कर उन्होंने लिखा, ₹दिन को जी भरकर जियो, क्योंकि वह फिर से धमाका करने आ गई है। वेब सीरीज 'कॉल मी बे' का नया सीजन 17 दिसंबर से स्ट्रीम होगा।₹
करण जौहर ने वेब सीरीज के दूसरे सीजन को वापस लाने को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि नए सीजन में बे (अनन्या के किरदार का नाम) की जिंदगी के अलग-अलग पहलुओं को दिखाया जाएगा, लेकिन पहले सीजन वाला ह्यूमर, इमोशन और मस्ती वाला अंदाज बरकरार रहेगा। उन्होंने प्राइम वीडियो के साथ दोबारा जुड़ने पर खुशी जताई और कहा कि 'बे' (अनन्या के किरदार का नाम) और उसके दोस्तों को एक बार फिर हंसी, इमोशन और धमाल से भरे सफर पर ले जाने के लिए वह काफी उत्साहित हैं।
नए सीजन के बारे में बात करते हुए करण जौहर ने कहा, ₹सीजन-1 को मिला प्यार और रिस्पॉन्स इस बात का सबूत है कि दर्शकों ने 'बे' (अनन्या के किरदार का नाम) के उतार-चढ़ाव भरे सफर और उसकी बेबाक जिंदगी से गहरा जुड़ाव महसूस किया। सीजन 2 के साथ हम उस दुनिया को और आगे ले जाना चाहते थे, 'बे' के नए पहलुओं को दिखाना चाहते थे, लेकिन वो ह्यूमर, दिल और बिंदास अंदाज बरकरार रखना चाहते थे, जिसे सबने खूब पसंद किया था।₹
उन्होंने आगे कहा, ₹प्राइम वीडियो के साथ दोबारा जुड़कर हम काफी उत्साहित हैं, ताकि दर्शकों को 'बे' की जिंदगी का एक नया चैप्टर दिखा सकें, जहां वो और उसकी प्यारी बहनें हंसी, इमोशन और खूब सारे धमाल से भरे एक और सफर पर निकलेंगी।₹
कोलिन डी'कुन्हा के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज में अनन्या पांडे लीड रोल में हैं। उनके अलावा इसमें श्रुति हासन इस सीजन से जुड़ रही हैं। इसके साथ ही वीर दास, गुरफतेह पीरजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी, निहारिका लायरा दत्त, लिसा मिश्रा और मिनी माथुर भी अहम किरदारों में दिखेंगे।
आठ एपिसोड वाली इस सीरीज को करण जौहर, अदार पूनावाला और अपूर्व मेहता ने धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। वेब सीरीज 'कॉल मी बे' 17 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर भारत समेत दुनिया के 240 से ज्यादा देशों में स्ट्रीम होगी।